


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 18 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 18 अक्टूबर 2024 डाक 19 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में वाल्मिकी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की



**देश-विदेश**
ट्रूडो को झटका! अमेरिका ने भारत की हां में मिलाई हां, कहा- पन्नू मामले में जांच से संतुष्ट



**फीचर पेज**
प्रियंका चोपड़ा ने स्विस आल्प्स पर पूरा किया बॉलीवुड का सपना, 'देसी गर्ल' बनी चांदनी



## पीएम ने बिहारवासियों को दिया दिवाली गिफ्ट, पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा

**पटना, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**



आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी बिहारवासियों को दिवाली का तोहफा दिया है। मोदी सरकार ने पटना से पश्चिम चंपारण (बेतिया) जाने वाली सड़क के (एनएच 139) चौड़ीकरण का निर्णय है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1712.33 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी गयी है। इस योजना के कारण अब पटना से बेतिया जाने वाले लोगों की यात्रा सुगम हो जायेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की थी। उन्होंने कहा था कि एनएच 139w को चौड़ा किया जाएगा। इसकी लंबाई 44.65 किलोमीटर है। इसमें मानिकपुर से साहेबगंज तक चौड़ीकरण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि यह परियोजना बौद्ध सर्किट के रास्ते में पटना से बेतिया तक हाई स्पीड कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी। इससे वैशाली, मुजफ्फरपुर समेत आसपास के जिलों में पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत एक बड़ा पुल और एक रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा।

## कल समाप्त हो जाएगा युद्ध!

### बेंजामिन नेतन्याहू ने किया बड़ा एलान मगर हमास के सामने रखी नई शर्त



**तेल अवीव, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने हमास नेता याह्या सिनवार के मारे जाने के बाद गाजा के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा कि अगर हमास इजरायली बंधकों को वापस करने और हथियार डालने पर राजी हो जाता है तो कल युद्ध समाप्त हो जाएगा। अब देखना यह होगा कि हमास क्या बेंजामिन नेतन्याहू के प्रस्ताव को मानता है। बता दें कि याह्या सिनवार को इजरायली सेना ने 17 अक्टूबर को ढेर किया। सिनवार पिछले साल 7 अक्टूबर को इजरायल हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। इजरायल ने ठीक एक साल 10 दिन बाद सिनवार को ढेर किया।

उसके साथ दो अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो संदेश में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि याह्या सिनवार मर चुका है। राफा में इजरायल के बहादुर सैनिकों ने उसे मार गिराया है। हालांकि यह गाजा में युद्ध का अंत नही हैं। मगर यह शुरुआत जरूर है। गाजा के लोगों के लिए मेरा सीधा संदेश है कि युद्ध कल समाप्त हो सकता है, लेकिन यह तब ही समाप्त होगा जब हमास अपने हथियार डाले। इजरायली बंधकों को वापस करे। नेतन्याहू ने जानकारी दी है कि हमास ने गाजा में 101 लोगों को बंधक बना रखा है। इनमें इजरायल समेत 23 देशों के नागरिक शामिल हैं। इजरायल इन सभी को वापस लाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि बंधकों को वापस लौटाने वालों की सुरक्षा की गारंटी इजरायल लेता है।

## पांच करोड़ दो या बाबा सिद्दीकी जैसा हश्र भुगतो...

### पुलिस को सलमान के लिए मिला धमकी भरा संदेश



**मुंबई, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से धमकी मिली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजा है। इसमें सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई है। मैसेज भेजने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा है कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में लेने की गलती न करें। मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा। मुंबई पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

अप्रैल महीने से ही सलमान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रडार पर हैं। इस मामले को लेकर अभिनेता 4 जून को मुंबई पुलिस के सामने एक बयान भी दर्ज करा चुके हैं। इस बयान के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई ने अपने गिरोह के सदस्यों की मदद से उनके घर के बाहर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

अभिनेता के मुताबिक वे उन्हें और उनके मेरे परिवार के लोगों को मारने की योजना बना रहे थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया था कि चलॉरेंस ने सलमान को मारने के लिए छह लोगों को 20 लाख रुपये दिए थे। गैंग ने अभिनेता सलमान खान को मारने के लिए 25 लाख रुपये की सुपारी ली थी।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और अजित पवार वाली एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर की रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात में पुलिस के अनुसार तीन शूटरों ने उनकी हत्या की थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### मकान में लगी भीषण आग, जलकर दो लोगों की मौत, पुलिस ने बच्चों को बचाया

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में भोलानाथ इलाके में एक मकान की



तीसरी व चौथी मंजिल पर आग लग गई। इस दौरान दो लोग आग की चपेत में आ गए और उनकी मौत हो गई। वहीं, मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने किसी तरह दो बच्चों को बचाया। बताया गया कि सुबह 5.30 बजे पुलिस को आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद आनन-फानन में दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। अभी पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है। मृतकों के नाम अभी पता नहीं चले है। जानकारी जुटाई जा रही है।

### महाकाल मंदिर में वीआईपी ने फिर तोड़े नियम, गर्भगृह में पहुंचे महाराष्ट्र के सीएम के बेटे सहित चार लोग

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में गर्भगृह में प्रतिबंध के बावजूद फिर से वीआईपी को प्रवेश दिया गया। इस बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र



सांसद श्रीकांत शिंदे, उनकी पत्नी व दो अन्य लोगों ने गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की। गर्भगृह में चारों ने 6 मिनट तक पूजा अर्चना की। शाम को लगभग 5.30 बजे चारों ने गर्भगृह में प्रवेश किया और पूजा पाठ की। इसका वीडियो भी सामने आया है। गर्भगृह में बीते एक वर्ष से किसी भी श्रद्धालु के प्रवेश पर रोक लगी हुई है। सिर्फ पुजारियों को ही अनुमति है। बावजूद कई वीआईपी बार-बार नियमों को तोड़ रहे हैं।

## भोपाल में करोड़पति जूनियर ऑडिटर ने घर में ही बना रखे थे गुप्त लॉकर, विदेशी मुद्रा भी बरामद

**भोपाल, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

तकनीकी शिक्षा संचालनालय में मुख्यमंत्री मेधावी योजना के श्यामला हिल्स स्थित कार्यालय में कार्यरत जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) स्थित निवास और तीन स्कूलों पर छापामार कार्रवाई के दौरान यह भी पता चला है कि जूनियर ऑडिटर ने अपने घर में ही गुप्त लॉकर बना रखे थे। दबिश के दौरान उसके परिवार के लोगों ने ही लॉकरों के बारे में जानकारी दी थी। हिंगोरानी ने इन लॉकरों में सोने-चांदी के आभूषण, डायमंड ज्वेलरी और नकदी रखे थे। इसके साथ ही घर से अमेरिकी डॉलर एवं दुबई में चलने वाली मुद्रा दिरहम भी बरामद हुई है। इस कार्रवाई में 90 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ।



लोकायुक्त पुलिस ने बैंक खातों में हुए लेन-देन की जांच के साथ ही बैंकों से लॉकर के बारे में भी जानकारी मांगी है। पुलिस ने बैंकों से कहा है कि यदि उनके यहां हिंगोरानी या उनके स्वजनों का कोई लॉकर हो तो उसे आपरेट न करने दिया जाए। छापामार कार्रवाई के दौरान कुल कितनी संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं, इसका पूरा विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। हिंगोरानी ने आय से अधिक संपत्ति कहां-कहां निवेश की है, इसको लेकर जांच जारी है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत के बाद लोकायुक्त की छह टीमों ने बुधवार को हिंगोरानी के निवासी सहित अन्य ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। रात एक बजे लोकायुक्त की टीम ने आभूषण, नगदी एवं संपत्ति के दस्तावेजों का विवरण एकत्रित करने की कार्रवाई पूरी की। पंचनामा बनाने के बाद पुलिस घर से रवाना हुई।

लोकायुक्त डीएसपी संजय शुक्ला ने बताया कि रमेश हिंगोरानी के निवास पर करीब आधा दर्जन ऐसे लॉकर थे, जो आसानी से नजर नहीं आ रहे थे। इन लॉकरों से नकदी एवं जेवर निकालकर सूची बनाई गई है। हमने बैंकों से लॉकर के बारे में जानकारी मांगी है। पूरी रकम एवं निवेश राशि का आंकड़ा अभी नहीं बताया जा सकता है। यह जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

## सियालदह ईएसआई अस्पताल में लगी भीषण आग, दम घुंटने से एक मरीज की मौत

**कोलकाता, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कोलकाता के सियालदह स्थित सरकारी ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। आग सुबह करीब पांच बजे अस्पताल की दूसरी मंजिल पर सर्जिकल विभाग में लगी, जिसके बाद दमकल की 10 गाड़ियां पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद सुबह 7.40 बजे आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत के चलते एक मरीज की मौत की खबर है। हालांकि अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उक्त रोगी कैंसर पीड़ित था। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय अस्पताल में करीब 70 मरीज भर्ती थे। ज्यादातर मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। कुछ मरीजों को मानिकतला ईएसआई अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। आग की सूचना पर राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस भी अस्पताल पहुंचे। अग्निशमन मंत्री ने कहा कि दमकल कर्मियों ने बहादुरी से काम किया और आग पर काबू पा लिया। दुर्गा पूजा के कारण कई मरीज छुट्टी लेकर घर चले गए थे, जिससे बड़ा नुकसान या जनहानि टल गई। आग कैसे लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने घोषणा की है कि शुक्रवार को बाह्य विभाग (आउटडोर) बंद रहेगा। आग के चलते अस्पताल में अफरातफरी व दहशत का माहौल रहा।




## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, बीजेपी नेता अरविंद सिंह लवली को मिली वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा

**नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**



केंद्रीय सरकार ने बीजेपी नेता अरविंद सिंह लवली की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है। बताया गया कि गृह मंत्रालय द्वारा बीजेपी नेता अरविंद सिंह लवली की सुरक्षा बढ़ा दी है। बीजेपी नेता अरविंद सिंह लवली को वाई+ की सुरक्षा दी गई है।अरविंद सिंह लवली ने इसी साल माई माह में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इस इसके बाद उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया था। अरविंद सिंह ने कहा कि वो राजनीति छोड़ देंगे, लेकिन भाजपा नहीं छोड़ेंगे। बताया गया कि अरविंद सिंह लवली ने पहले कांग्रेस छोड़ दी थी और अप्रैल 2017 में मलिक के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि, कुछ महीनों के भीतर वह 2018 में वापस कांग्रेस में शामिल हो गए।


अरविंद सिंह लवली ने पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक सहित दिल्ली कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ भाजपा ज्वाइन की थी। अरविंद सिंह लवली 2018 से कांग्रेस में थे। उन्होंने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पसंद को लेकर पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के चलते कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस छोड़ने के बाद लवली ने कहा कि पिछली बार मैंने गुस्से के कारण कांग्रेस छोड़ने का फैसला लिया था। हालांकि, इस बार हमने ठंडे दिमाग और बहुत सोच-विचार के साथ फैसला लिया है। अब हम बीजेपी में ही राजनीति करेंगे या राजनीति छोड़ देंगे।

### सेंट्रल जेल बिलासपुर में कलेक्टर-एसपी ने मारा छापा



**बिलासपुर।** बिलासपुर के सेंट्रल जेल में गैंगवार के बाद जेल में नशे का सामानों का रेट फिक्स होने का आरोप लगा है। मीडिया द्वारा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को इसकी शिकायत करने की खबर प्रसारित होने के बाद जिला प्रशासन से लेकर जेल मुख्यालय तक हड़कंप मच गया है। कलेक्टर-एसपी सहित अफसरों ने जेल पहुंचकर औचक निरीक्षण करने का दावा भी किया। हालांकि, जांच के दौरान उन्हें कुछ नहीं मिला है। वहीं, अवैध वसूली के आरोपों पर जेल अधीक्षक से जानकारी मांगने का भी दावा किया गया है। जेल में विराट अपहरण कांड के अभियुक्त को नंबरदार बनाकर अवैध वसूली कराने और रसूखदार कैदियों से मोटी रकम लेकर नशे का सामान उपलब्ध कराने का आरोप लगा है। कैदियों के परिजनों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की है।






# जल जीवन मिशन योजनांतर्गत ग्राम पंचायत सलोरा में पहुँचा "हर घर जल"

कोरबा। केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल पहुंचने से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों को अब पेयजल के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। उन्हें अपने घर पर ही टेप नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जिला मुख्यालय के विकासखंड कटघोरा के ग्राम पंचायत सलोरा (क) में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल की व्यवस्था की गई है।

हर घर में नल कनेक्शन पहुंचने एवं सूचारू रूप से नल से जल उपलब्ध होने से गांव में पेयजल संकट से ग्रामवासियों को निजात मिल गया है। योजना अंतर्गत गांव में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा 33.27 लाख की लागत से रेट्रोफिटिंग कार्य पूर्ण कर 212 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

हर घर जल योजना का लाभ मिलने से गांव की महिला हितग्राही श्रीमती संकुतला डांडे तथा श्रीमती मीना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि अब उन्हें घर में ही पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पूर्व में उन्हें पेयजल, घरेलू आवश्यकताओं व निस्तारित हेतु गांव में स्थापित हैण्डपंप से पानी लाना पड़ता था। इससे बारिश एवं ठण्ड के मौसम में काफी दिक्कतें होती थी। साथ ही अधिक परिश्रम व समय भी लगता था। जल जीवन मिशन से अब उनकी यह समस्या दूर हो गई है। महिलाओं को घर पर ही पेयजल उपलब्ध होने से समय की बचत हो रही है। जिससे वे उक्त समय पर अन्य घरेलू कार्य पूर्ण कर पाते हैं।



योजना का सफल क्रियान्वयन में ग्राम के सरपंच तथा ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही है। योजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 16 अक्टूबर 2024 को ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामवासियों की उपस्थिति में ''हर घर जल'' उत्सव मनाया गया। साथ ही योजना का हस्तांतरण ग्राम पंचायत को किया गया एवं स्वच्छता व पानी के उचित उपयोग संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 23 अक्टूबर को

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 23 अक्टूबर 2024 को विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप अंतर्गत एन आइ 'आई टी लिमिटेड कंपनी तथा टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। रिक्त पदों में एनआईआईटी लिमिटेड कंपनी में आईसीआईसीआई बैंक अंतर्गत रिलेशनशिप मैनेजर के 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 25 वर्ष वेतनमान 22000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। एक्सिस बैंक ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के 18 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 30 वर्ष वेतनमान 35000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। इसी प्रकार टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत बिजनेस एसोसिएट मैनेजर के 05 पद, लीडर मैनेजर के 10 पद, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर के 10 पद एवं इंश्योरेंस एडवाइजर के 20 पद के लिए भर्तियां की जाएंगी। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु सीमा 40 वर्ष, वेतनमान 20,000 प्रतिमाह एवं कार्यस्थल कोरबा निर्धारित है। इच्छुक आवेदक 23 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### 19 एवं 20 अक्टूबर को रहेगी प्रतिबंधित

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने लोक सुरक्षा की दृष्टि से बाल्को अंतर्गत बेलगरी बस्ती रेल्वे चेक पोस्ट में रेल्वे लाईन बिछाने के कारण मार्ग पर समस्त प्रकार के वाहनों के आवागमन को 19 एवं 20 अक्टूबर 2024 दो दिवस के लिए अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान उक्त प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले वाहन एवं भारी वाहनों के परिवहन हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है।

## लातेहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली पूर्व मंत्री जय सिंह ने



**कोरबा।** महाराष्ट्र एवं झारखण्ड विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। झारखण्ड में दो चरणों मे क्रमशः 13 व 20 नवम्बर को मतदान होना है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को झारखण्ड के चतरा लोकसभा के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। साथ ही चतरा लोकसभा के सभी पांचो विधानसभा के लिए सहायक पर्यवेक्षक क्रमशः राजकिशोर प्रसाद, बी एन सिंह, विकास सिंह, तनवीर अहमद व विजय यादव बनाये गये है। जिन्होंने आज लातेहर में बैठक लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों से मिलकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया है। पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के लिए रीढ़ की हड्डी के तरह होते है। जिनके अथक परिश्रम से प्रत्याशी की जीत तय होती है।

इस मौके पर मनिका विधायक रामचंद सिंह, लातेहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भुनेश्वर उरांव, चतरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद दुबे, पलामु जिला कांग्रेस अध्यक्ष जनक पाठक, पूर्व विधायक योगेन्द्र सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, आफताब आलम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनीता देवी सहित चतरा लोकसभा के पांचो विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# दर्री में लोमड़ी का आतंक ,टहलने निकले युवक पर किया हमला

कोरबा। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और मुंगेली जिले के बाद अब कोरबा जिले में भी लोमड़ी का आतंक देखने को मिला है। दर्री के राजीव नगर में घटना सामने आई है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। यहां एक युवक पर लोमड़ी ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां घायल युवक का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजजारी है।

जानकारी के मुताबिक दर्री निवासी मनोज मतवारे उम्र (35 वर्ष) मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी और बच्चे साथ रहते हैं। खाना खाकर वो बस्ती से लगे नर्सरी में टहलने गया हुआ था।



इस दौरान अचानक एक लोमड़ी ने पीछे से पहले हाथ मे हमला किया। उसे लगा कि कुत्ते ने हमला किया है। इसके बाद फिर से पलटकर उसने चेरे पर हमला कर दिया। इस हमले में लोमड़ी ने नाक को नोच लिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, और चीख-पुकार मचाने लगा। घटनास्थल पर मौजूद आसपास कुछ युवक दौड़कर आए और किसी तरह लोमड़ी को मार कर भगाया, तब जाकर उसकी जान बच पाई। घटना के बाद देखते ही देखते बस्ती वालों की भीड़ जमा हो गई, घायल को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां युवक को नाक पर 13 टांके लगे हैं उसका इलाज जारी है।

इससे पहले बिलासपुर और मुंगेली में लोमड़ी ने 16 लोगों को घायल कर दिया था। कोरबा में भी इस तरह की घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि दर्री क्षेत्र में लोमड़ी पिछले कई दिनों से विचरण कर रहा है, लेकिन हमला पहली बार किया है। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों की चिंता ज्यादा है, जो घर के बाहर खेलते-कूदते रहते हैं, कहीं बच्चों पर भी हमला न कर दें।

## बालको पुलिस ने जप्त किया 505 लीटर शराब

**कोरबा ।** प्रभारी कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा के द्वारा जिले में अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में थाना प्रभारी बालको नगर निरीक्षक अभिनवकांत के द्वारा थाना बालको नगर क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए लालघाट नदी किनारे भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ जाकर रेड कार्यवाही कर देखा की वहा भारी मात्रा में महुआ शराब बनाई जा रही थी। मौके पर शराब बनाने हेतु उपयोग में लाने वाले बर्तन पास को नष्ट कर 505 लीटर महुआ शराब जप्त कर थाना लाया गया। शराब बनाने वाले कथित आरोपी पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर जप्त शराब 505 लीटर को थाना लाकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी हैं।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बालको निरीक्षक अभिनवकांत सिंह प्रधान आरक्षक 418 लक्ष्मीकांत खरसन, प्रधान आरक्षक 336 राजनारायण सिंह, आरक्षक 779 हरीश मरावी, आरक्षक 531 अनिल साहू, आरक्षक 468 गजेंद्र राजवाडे, आरक्षक 36 राजेन्द्र यादव का उत्कृष्ट योगदान रहा।

### पर्यावरण नियमों के उलंघन्न पर एनटीपीसी को जुर्माना

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने एनटीपीसी लिमिटेड, जमनीपाली कोरबा पर पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने के लिए 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।तहसीलदार और कार्यपालिक दंडाधिकारी की संयुक्त टीम ने धनरास राखड़ बांध से फ्लाई ऐश परिवहन करने वाले वाहनों का निरीक्षण किया, जिसमें एनटीपीसी के चार वाहनों को उचित ढंग से तारपोलिन से ढंका हुआ नहीं पाया गया।निरीक्षण में पाया गया कि वाहनों के पंजीयन क्रमांक CG 04 PQ 2858, CG 10 BT 9850, CG 10 BR 1720 और CG 04 NR 7817 हैं।

## ज्योत्सना ने संसदीय कमेटी के समक्ष उठाई एसईसीएल के भू-विस्थापितों व प्रभावितों की समस्याएं

**कोरबा।** कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोल एंड स्टील माइंस संसदीय कमेटी की बैठक में एसईसीएल के भू-विस्थापितों और प्रभावितों की समस्याओं का मुद्दा जोरशोर से उठाया। उन्होंने कमेटी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें कोरबा जिले में एसईसीएल की कोयला खदानों के मुद्दों का समाधान करने का अनुरोध किया गया हैं।



जानकारी के अनुसार सांसद श्रीमती महंत ने बताया कि एसईसीएल की कोयला खदानों के कारण ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिलना, मुआवजे की दरें पुरानी होना, बसाहट और नौकरी नहीं मिलना, पूर्ण गांव का अधिग्रहण नहीं करना, आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देना और सार्वजनिक विकास में काम नहीं करना जैसी मूलभूत समस्याएं हैं।

उन्होंने कमेटी से अनुरोध करते हुए कहां हैं कि वन टाइम सेटलमेंट के माध्यम से लंबित रोजगार मामलों का निराकरण किया जाए। एसईसीएल में कोल इंडिया पॉलिसी 2012 को वापस लिया जाए और हर खाते में स्थाई रोजगार प्रदान किया जाए। भू-विस्थापित परिवारों के युवाओं को खदान परिक्षेत्र में वैकल्पिक रोजगार दिया जाए। फंक्शनल डायरेक्टर्स मीटिंग के निर्णय को सराईपाली सहित सभी खदानों में लागू किया जाए। बजट के लिए 10 डिसमिल जमीन और 25 लाख रुपये की राशि दी जाए। शासन के योजनाओं से प्राप्त पट्टों/शासकीय/वन भूमि पर बने मकानों का मुआवजा दिया जाए। आंशिक अधिग्रहण को रद्द कर ग्राम का संपूर्ण अर्जन किया जाए। खदान बंद होने पर पुराने अर्जित भूमि को मूल खातेदारों को वापस किया जाए।सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि इन मुद्दों का समाधान करने से एसईसीएल के भू-विस्थापितों और प्रभावितों की समस्याएं काफी हद तक हल हो सकती हैं।

## मीडिया की भूमिका मार्गदर्शक की तरह:राजेश कुकरेजा

कोरबा। जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा आज कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से सीधे रूबरू हुए, जहां उन्होंने मीडिया की भूमिका को मार्गदर्शन की तरह बताते हुए कहा कि पत्रकार बहुत से मुद्दे को लिखते हैं जिसमें समाज की ऐसी समस्या भी होती है जो पुलिस विभाग से जुड़ी होती है, ऐसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए पुलिस जरूरी कार्यवाही करती है जिससे मुद्दे गंभीर होने से पहले हल हो जाते हैं। कोरबा में 15 दिनों के दौरान मीडिया की भूमिका मैंने करीब से देखा, इस दौरान हर दिन अखबार व न्यूज़ चैनलों के खबरों में जनता की आवाज नजर आई। मुझे नवरात्रि पर्व के दौरान कोरबा का प्रभार मिला इस दौरान इस दौरान में हर जगह मेला-गरबा का आयोजन हो रहा था। मैं पूजा पंडाल, मंदिर समेत ऐसे सभी जगह पहुंचा और लोगों से मुलाकात की। इस दौरान आम लोगों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मुस्तैद दिखे।जिससे पूरे सीजन में किसी तरह की अप्रिय वारदात नहीं हुई। शहर में भी यातायात व्यवस्था सुगम बना रहा, इसके लिए अधिकारी कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं जिन्होंने सुबह से देर रात तक मुस्तैदी से ड्यूटी की।

कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आईपीएस आईपीएस राजेश कुकरेजा का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा श्री कुकरेजा का स्मृति चिन्ह भेंट करके उनका सम्मान किया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, नगर कोतवाल एम.बी. पटेल, यातायात एएसआई मनोज राठौर, एएसआई अजय सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आईपीएस राजेश कुकरेजा दो दशक पहले कोरबा सीएसपी के पद पर पदस्थ थे। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के दौरान उन्होंने तब का अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोरबा के पत्रकार मेरे परिवार के सदस्य की तरह हैं। कोरबा बिल्कुल अपना जैसा लगता है। त्योहारी सीजन में जब आया तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि जैसा कोई त्यौहार के समय बाहर से घर आता है वैसा मैं भी आया हूं, यह बड़ा ही सुखद अनुभव रहा।



## सी मार्ट में लगी आग मची अफरा-तफरी

**कोरबा।** कोरबा के टीपी नगर चौक के पास स्थित सी मार्ट दुकान में रात 7: 50 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही सीएसईबी पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नही चल सका लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। दमकल विभाग ने तत्परता से आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। मामले की जांच जारी है। ज्ञात रहे एक सप्ताह पहले अधिवक्ता धनेश सिंह ने निगम प्रशासन को अवगत कराया था कि दुकानों में व्यापारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन नही किया जा रहा है।जिससे कभी भी गंभीर घटना घटित हो सकती है।

# आईएएस रानू साहू की लगातार बढ़ रही दिक्कत ईडी ने फिर किया गिरफ्तार

कोरबा जिला कलेक्टर के पद पर रही निलंबित रानू साहू अब छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिमांड पर हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएमएफ घोटाला कांड के आरोप में 9 अक्टूबर को जेल में बंद रानू साहू को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय रानू साहू से हर दिन 7 घंटे तक पूछताछ कर सकेगी। न्यायालय ने इसके लिए प्रवर्तन निदेशालय को 5 दिन का समय दिया है। सुनवाई के दौरान रानू साहू के कोर्ट में आंसू छलक पड़े। इस दौरान आंसू पोछते हुए उन्होंने कहा की मुझे प्रताड़ित किया जा रहा हैं पर में मजबूती से खड़ी हूँ मुझ पर सारे केस एक साथ लगा दीजिए।

जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने रानू साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए 9 अक्टूबर को रायपुर की पीएमएलए स्पेशल न्यायालय में पेश किया। इस दौरान रानू साहू की आंखों से आंसू बहने लगे। निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू ने कहा की कोयला मामले में सर्वोच्च न्यायालय से राहत मिल चुकी है। परंतु उसके बाद भी एक के बाद एक केस मुझ पर लगाए जा रहे हैं। एक साथ सारा केस लगा दीजिए। रानू साहू ने आगे कहा की जेल में रहते 16 महीने हो चुके हैं। एक-दो साल और रह सकती हूं। रानू साहू ने आरोप लगाते हुए कहा की उनका स्वास्थ्य जांच नहीं की जाती हैं। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने न्यायालय से कहा की मुझे सोनोग्राफी और अन्य जांच करवाना है, लेकिन कई महीनों से यह नहीं हो पा रहा हैं। रानू साहू के वकील फैसल रिजवी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केस की पैरवी की। उन्होंने न्यायालय को बताया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से डीएमएफ घोटाला कांड मामले में ईसीआईआर दर्ज कर ली गई थी, लेकिन अब तक कोई जांच नही की गई। रानू साहू को कोयला घोटाला मामले में सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है और लेकिन एसीबी मामले में न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा है। ऐसे में उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और सोची समझी साजिश के तहत ऐसा किया जा रहा हैं। पीएमएलए स्पेशल न्यायालय ने निलंबित आईएएस रानू साहू से 7 घंटे पूछताछ की अनुमति दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी हर दिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक उनसे पूछताछ कर सकेगी। यह अनुमति 22 अक्टूबर तक के लिए दी गई है। पीएमएलए स्पेशल न्यायालय ने यह भी कहा कि रानू साहू को उनके परिवार वालों से एक दिन छोड़कर मिलने की अनुमति होगी। रानू साहू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला घोटाला मामले में 22 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। कोयला घोटाला मामले को लेकर साल 2022 में आयकर विभाग ने सबसे पहले रानू साहू के शासकीय निवास और दफ्तर में छापा मारा था। इसके बाद ईडी ने रानू साहू के घर छापा मारा था।



डीएमएफ घोटाले में ही मंगलवार को ईडी ने आदिवासी विभाग की उपायुक्त माया वारियर को गिरफ्तार किया था। कोरबा में माया आदिवासी विकास विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर रह चुकी हैं। ईडी ने उन्हें न्यायालय में पेश कर 23 अक्टूबर तक रिमांड पर लिया है। रानू साहू जून 2021 से जून 2022 तक कोरबा में कलेक्टर थीं। इसके बाद फरवरी 2023 तक वह रायगढ़ में कलेक्टर रहीं। इस दौरान माया वारियर भी कोरबा में पदस्थ थीं। जानकारी के अनुसार रानू साहू से करीबी संबंध होने के कारण ईडी ने माया वारियर के दफ्तर और घर में छापा मारा था। डीएमएफ मद की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को प्रदान की गई थी, जिसमें घोटाले का आरोप हैं। इसका प्रमाण मिलने के बाद ईडी ने माया वारियर को गिरफ्तार किया था। प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक ईडी की रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्लू ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। इस केस में यह तथ्य निकल कर सामने आया है कि जिला खनन निधि कोरबा के मद से अलग-अलग निविदा आवंटन में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितताएं की गई है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाने का भी आरोप हैं। जानकारी के अनुसार जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि निविदा राशि का 40त्न सरकारी अधीकारियों को कमीशन के रूप में दिया गया है। निजी कंपनियों के निविदा पर 15त्न से 20त्न अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने लिया हैं। बताया जा रहा हैं की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अधिकारी रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तथ्यों के मुताबिक निविदा जारी करने वाले अधीकारियों ने बिचौलिए के साथ मिलकर किसी भी चीज की असल कीमत से ज्यादा का बिल भुगतान कर दिया। इनके द्वारा आपस में मिलकर साजिश करते हुए पैसे कमाए गए।

कोयला घोटाले मामले में ईडी को जेल में बंद कथित आरोपियों से पूछताछ की भी अनुमति मिल गई है। 23 अक्टूबर तक ईडी जेल में जाकर सूर्यकांत, रजनीकांत, निखिल और रोशन कुमार सिंह नामक कथित आरोपियों से पूछताछ करेगी। सभी कथित आरोपी रायपुर जेल में बंद हैं। कोयला और कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार कथित आरोपियों का नार्को टेस्ट पर अब 26 अक्टूबर को सुनवाई होगी। हुई सुनवाई के दौरान ईओडब्लू के तर्क पर बचाव पक्ष ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। 26 अक्टूबर को न्यायालय इस पर फैसला सुनाएगा।ईओडब्लू ने कोल घोटाले के सूर्यकांत तिवारी, रजनीकांत तिवारी और निखिल चंद्राकर नामक व्यक्तियो सहित कस्टम मिलिंग घोटाले के कथित आरोपी रोशन चंद्राकर का नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाने का न्यायालय में आवेदन लगाया है।

# इधर बेरोजगारों की फौज उधर प्लेसमेंट कैंप में आवेदकों का टोटा

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पढ़े लिखे बेरोजगारों की संख्या डेढ़ लाख को पार कर चुकी है। ना केवल सरकारी वैकेंसी निकलने पर बल्कि निजी कंपनी में भी नौकरी के लिए आवेदन करने वालों की लंबी कतारें लगी हुई है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि नौकरी देने के लिए प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्लेसमेंट कैंप में आवेदन करने वालों की संख्या नहीं के समान होती है। बीते 2 माह में जिला मुख्यालय में 3 प्लेसमेंट कैंप लगाए गए है, लेकिन तीनों बार ही स्वीकृत पदों की तुलना में आवेदकों की संख्या आधे में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार द्वारा पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार देने प्राथमिकता के आधार पर प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने के आदेश दिए गए है। इसी के तहत जांजगीर चांपा जिले में जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन में जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बीते सितंबर व अक्टूबर महीने के इस पखवाड़े भर में तीन बार प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा चुका है। कैंप में विभिन्न कंपनियों में जो भर्तियां होनी है, उसकी संख्या बता करके आवेदकों से आवेदन लेने और वरियता के आधार पर चयनित करने का प्रावधान है, लेकिन विडंबना यह है। क जिले में आयोजित किए जाने वाले प्लेसमेंट कैंप में युवाओं का रूझान अत्यंत कम है। स्थिति यह है कि जितने पदों पर भर्ती होनी है

जिला मुख्यालय जांजगीर के लाइवलीहुड कॉलेज में हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में दो माह के भीतर 691 पदों के लिए नौकरी पाने महज 406 आवेदन आए। इनमें से 204 का चयन मौके पर ही किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार 27 सितंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित प्लेसमेंट कैप में सिक्योरिटी गार्ड, बीमा एजेंट, सेल्स एक्यूजेटिव सहित 141 पदों के लिए 88 बेरोजगार नौकरी पाने पहुंचे। इनमें से महज 10 को नौकरी के लिए चयन किया गया। इसी प्रकार सोनवार 1 अक्टूबर को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में सिक्योरिटी गार्ड, बीमा एजेंट सेल्स एक्जुकेटिव, कंपनी प्रबंधन सहित 50 पदों के लिए प्लेसमेंट कैप आयोजित किया गया। जितने पद स्वीकृत किए गए थे, उसके तहत महज ? बेरोजगार युवा नौकरी पाने पहुंचे। इनमें से 12 का चयन मौके पर से किया गया। इसी तरह मंगलवार 15 अक्टूबर को आयोजित प्लेसमेंट कैंप में बालकों के स्कील ग्रुप कंपनी की ओर से 450 पदों एवं सोलाटा ग्रुप के 50 पदों को मिलाकर कुल 5 सौ पदों के लिए बेरोजगार युवाओं से आवेदन मंगाए गए थे। इनमें से नौकरी पाने 282 आवेदक पहुंचे। जिनमें से 192 का चयन किया गया।

बराबर भी नौकरी पाने वाले आवेदक प्लेसमेंट कैंप में नहीं पहुंच रहे। है। कई बार तो आवेदकों की संख्या निर्धारित पदों की तुलना में आधी से भी कम होती है। खास बात यह है कि इसमें भी जितने आवेदन जमा होने है, उनमे से ले देकर आधे को ही नौकरी मिल पाती है।

उल्लेखनीय है कि जांजगीर चांपा जिले में नौकरी की चाह रखने वाले शिक्षित बेरोजगारों की संख्या डेढ़ लाख से अधिक है। बीते सितंबर व अक्टूबर महीने के इस पखवाड़े भर में तीन बार प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा चुका है। सरकारी संस्थानों में भृत्य व क्लर्क के दो-चार पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकलती है, तो आवेदकों की संख्या हजारों में होती है। इसके अलावा प्राइवेट कंपनी में भी नौकरी की चाह लेकर आवेदन करने वालों की संख्या हजारों की तादात में होती है। ऐसे में प्लेसमेंट कैंप में भर्ती किए जाने वाले निर्धारित पदों के बराबर आवेदकों के नहीं पंहुंचने का सिलसिला समझ से परे है।

# वाहवाही के बीच जिला अस्पताल में सोनोग्राफी कराना हुआ दूभर

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन स्वस्थ्य जांजगीर अभियान चला रही है। प्रदेश के आला मत्रियों के जिले में कदम पड़ते ही जिला प्रशासन उनके सामने स्वस्थ्य जांजगीर अभियान का ढिंढोरा पीटकर वाहवाही लूट रही है लेकिन दूसरी ओर जिले के ही सबसे बड़े सरकारी जिला अस्पताल में इस तस्वीर तक को नहीं बदल पा रही जो हर हफ्ते यहां देखी जा सकती है और करीब छह माह से यही स्थिति है। बात जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच सुविधा की हो रही है जहां हर हफ्ते गर्भवती महिलाओं से लेकर जांच कराने पहुंचे अन्य मरीज घंटों तक हलाकान होते हैं। गर्भवती महिलाएं भूखे-प्यासी तड़पती रहती हैं। क्योंकि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली है और जिम्मेदार रेडियोलॉजिस्ट नहीं ढूंढ पा रहे।

**एक हफ्ते बाद की मिलती है तारीख**

स्थिति ऐसी है कि जिला अस्पताल में बाकी दिन सोनोग्राफी कराने के लिए अगर मरीज, महिलाएं पहुंचती है तो उन्हें एक ही जवाब मिलता है कि सोनोग्राफी कराना है तो बुधवार को आओ। जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी की सुविधा मुफ्त में दी जाती है। जबकि निजी सेंटरों में सोनोग्राफी कराने पर 1000 से 1200 रुपए तक फीस हैं। ऐसे में हफ्ते में एक दिन ही जांच की सुविधा मिलने के बावजूद जरूरतमंद महिलाएं जिला अस्पताल तक आती हैं और घंटों तक परेशानी भी झेलती है ताकि जांच तो हो जाए।

व्यवस्था के नाम पर हफ्ते में मात्र एक दिन बुधवार को ही सोनोग्राफी हो रही है। इसके लिए दूसरे ब्लॉक से हर बुधवार को एक डॉक्टर यहां आते हैं तब जाकर सोनोग्राफी हो रही है। हफ्ते में एक दिन सोनोग्राफी होने

**अस्पताल प्रबंधन भी मजबूर**

इधर रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से भीड़ इतनी हो जाती है कि सोनोग्राफी के लिए बारी-बारी आते महिलाओं को सुबह से शाम तक हो जाती है। भूखी-प्यासी महिलाएं सोनोग्राफी सेंटर के सामने घंटों तक बैठी रहती हैं।

**जरूरतमंद मरीजों को होती है परेशानी**

अस्पताल प्रबंधन के लिए यह गंभीर समस्या बन गई है। क्योंकि भर्ती प्रक्रिया शासन-प्रशासन के हाथों में है। ऐसे में किसी तरह हफ्ते में नवागढ़ से डॉक्टर बुलाकर हफ्ते में एक दिन किसी तरह जांच की सुविधा दिलाई जा रही है। इस संबंध में सीएस डॉ. एके जगत के मुताबिक जिला अस्पताल में स्थायी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। सप्ताह में एक दिन बुधवार को बाहर से रेडियोलॉजिस्ट बुलाकर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

गर्भवर्ती महिलाओं के अलावा अन्य कई बीमारियों में भी मरीजों की सोनोग्राफी की जरूरत पड़ती है। ऐसे मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। उन्हें बाहर से सोनोग्राफी कराकर लाने कहा जाता है या फिर बुधवार तक रुकने की बात कही जाती है। जबकि कई बार मरीजों को तत्काल सोनोग्राफी की जरूरत पड़ती है पर जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा बाकी दिनों के लिए बंद रहती है।

## फर्जी दस्तावेज मामले में प्रधान आरक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड

**जांजगीर-चांपा।** एसईसीएल में फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी दिलाए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक को पुलिस अधीक्षक ने बर्खास्त कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोल लिमिटेड (एसईसीएल) में फर्जी दस्तावेज से नौकरी करने वाले गिरोह मामले की जांच अब बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी है। मामले में संदिग्ध पाए जाने पर प्रधान आरक्षक पंचराम कश्यप को एसपी विवेक शुक्ला ने सस्पेंड कर दिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश शुरू हो चुकी है। मामले की जांच में संलिप्त एक प्रधान आरक्षक पंचराम कश्यप की भूमिका को पुलिस ने संदेहास्पद पाया। इसलिए पंचराम को एसपी ने यह कार्रवाई की है। साइबर सेल पुलिस से मिली रिपोर्ट के मुताबिक मुताबिक प्रधान आरक्षक पंचराम ने शिकायतकर्ता के साथ मिलकर तकरीबन 300 से अधिक बार. संदिग्ध लोगों को फोन किया था।

इतना ही नहीं शिकायतकर्ता ने संदिग्ध लोगों को बाहर ही बाहर बुलाकर जांच में सहयोग करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। इसके चलते पंचराम कश्यप को पुलिस ने इसकी गतिविधि को संदिग्ध माना है। प्रथम दृष्टया पुलिस ने तकरीबन दो दर्जन लोगों से पूछताछ की जिसमें नतीजा कुछ भी नहीं निकला और पुलिस ने पूरी रिपोर्ट एसईसीएल को सौंपने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि नियोक्ता एसईसीएल है तो उसे नौकरी करने वालों की जांच भी उन्हीं को करनी है। जांच में यदि वे दोषी पाए जाएंगे तो नौकरी से निकालने का अधिकार भी उन्हीं को है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य कर्मचारियों के नौ माह का महंगाई भत्ता छीना:मदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साब ने कर्मचारियों को एक जनवरी 2024 से देय महंगाई भत्ता को । अक्टूबर 2024 से देने का घोषणा कर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। 9 माह की महंगाई भत्ता के बारे में कोई बात उनके द्वारा नहीं किया गया। यह बातें प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मदन साहू ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार के इस रवैये से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। सत्ता में आने के पूर्व भूपेश सरकार द्वारा महंगाई भत्ता को समय में नहीं दिए जाने का भाजपा द्वारा विरोध किया गया और छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को केंद्र सरकार के जारी आदेश तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने मोदी की गारंटी में शामिल किया गया किंतु शासन में आने के बाद कर्मचारी को कांग्रेस सरकार की तरह भाजपा सरकार द्वारा भी धोखा दिया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई से अपने कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिवाली के पूर्व देने घोषणा किया जा चुका है। इस तरह छत्तीसगढ़ के कर्मचारी केंद्र से फिर तीन प्रतिशत पीछे हो गए हैं छत्तीसगढ़ के वर्तमान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सत्ता में आने के पहले महंगाई भत्ता कर्मचारियों को दिए जाने के लिए भूपेश सरकार को कोसने में कोई कसर नहीं रखा था और सत्ता में आने पर कर्मचारियों को भूपेश सरकार के समय का रुका हुआ महंगाई भत्ता एरिवार्सऔर केंद्र सरकार के साथ-साथ महंगाई भत्ता को छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी देने की बात कही गई थी। महगाई भत्ता देने के मामले में मोदी की गारंटी फेल हो गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कर्मचारियों को लगातार छला जा रहा है। जनवरी से 30 सितंबर तक के कुल 9 महीने का एरियर्स प्रति कर्मचारी 25000 रुपए औसतन आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। यह नही कोई दिवाली सौगात न ही उपहार बल्कि नौ- नौ महीने की एरियर्स को डकार रही है।

## बाइक की चोरी करने वाले - आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पामगढ़।** मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। पामगढ़ पुलिस के अनुसार संजीत खुटे निवासी बोरसी थाना पामगढ़ द्वारा बाइक पैशन प्रो क्रमांक सीजी-11 सीडी 0507 से सुबह 8 बजे खेत गया था। जिसको सेमरिया खार रोड किनारे खड़ा किया था। जिसको कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी - कर ले गया था। संजय कुमार खूंटे ने -मामले की रिपोर्ट 10 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी एवं मोटर सायकल की पतासाजी की जा रही थी।

## शराब का अवैध अड्डा उजागर किया आबकारी विभाग ने

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन कुमार शुक्ला के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब धारण कर विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर दबिश की कार्यवाही की गई । इस तारतम्य में दिनांक 17.10.2024 को वृत्त मालखरौदा के ग्राम सपिया में कार्तिक राम जोशी पिता जगसाय उम्र 58 वर्ष के बाड़ी से 16 ली महुआ शराब बरामद इसी तरह सपिया में ही रामप्रसाद जोशी पिता जगसाय उम्र 45 वर्ष के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी में मकान के कमरे से 05 ली वाली दो पीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन में भरी 08 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया । उक्त कार्यवाही में स. जि. आ. अ. आशीष उप्पल , वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार , आब. आर रघुनाथ पैकरा , संजीव भगत ,आबकारी स्टाफ परसराम कहरा , भारती यादव व वाहन चालक कमलेश यादव का योगदान रहा ।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम को सुधारने स्कूलों का निरीक्षण किया डीईओ ने



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले के स्कूलों का बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आज सक्ती विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द में औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में परिणाम को उत्कृष्ट करने विद्यार्थीयों और शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन और दिशा निर्देश दिये गए। औचक निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन के चंद्रा ने विद्यार्थियों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे ,कोर्स की पूर्णता की जानकारी ली तथा बच्चो को प्रतिदिन प्रत्येक विषयों के अनुसार कार्ययोजना बनाकर तैयारी में जुटने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय प्रभारी प्राचार्या श्रीमती सविता चौधरी को सतत मॉनिटरिंग करते रहने तथा प्रभावशाली कार्ययोजना बनाकर परीक्षा परिणाम हेतू गुणवत्ता को और अधिक बढ़ाने कहा, शिक्षकों को नियमित रूप से अध्यापन कराने के साथ-साथ परीक्षा के ब्लू प्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्र बनाकर निरंतर अभ्यास कराने पर जोर दिया व पालकों को बैठक लेकर पेपर दिखाकर विद्यार्थियों को अध्ययन में सहयोग प्राप्त करने, नियमित विद्यालय भेजने, विद्यालय के पुस्तकालय, प्रयोगशाला, गणित, विज्ञान कक्ष, प्रेक्टिकल व्यवस्था से संबंधित अन्य दिशानिर्देश भी दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों में हर्ष जाहिर करते हुए संभाग स्तर जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त 6 विद्यार्थियों कुनाल ,रोहन ,राहुल महिमा हिमांशी ,सोनिया को जिला शिक्षा अधिकारी ने शिल्ड प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी तथा एक अन्य कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 10वी की छात्रा सुश्री महिमा सिंह सिदार के बिलासपुर संभाग से वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल की सहभागिता पर छात्रा और मार्गदर्शक प्रेरक शिक्षिका श्रीमती कमला दपी गवेल को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया । निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के समस्त संबंधित स्टाफ उपस्थित थे।

## आश्वासन से आगे नहीं बढ़ सका नैला-बनारी मार्ग का काम

**जांजगीर - चांपा।** जिला मुख्यालय में भारी वाहनों से छुटकारा दिलाने के लिए और नैला रेलवे स्टेशन के कोल साइडिंग से कोयला लोड कर आने वाले वाहनों को शहर के बाहर से निकालने के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना आवश्यक है।

इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने अंडरब्रिज के पास से बनारी होते हुए छह किमी सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को दो साल पहले भेजा था। मगर इस प्रस्ताव को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। जिसके चलते भारी वाहनों से जांजगीर नैला शहरवासियों को मुक्ति नहीं मिली है।

हालांकि यातायात पुलिस ने रात 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया है। इसलिए दिन में कुछ राहत है।जिला मुख्यालय में भारी वाहनों की आवाजाही लगातार होती है। रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं। पीथमपुर में हाई लेबल ब्रिज बन जाने के बाद इस मार्ग पर आवाजाही शुरू हो गई है।

इसके बाद भारी वाहन नगर के अंदर से ही निकल रहे हैं। मगर कोल साइडिंग नैला से कोयला लेकर आने वाले वाहन चांपा व बिलासपुर की ओर जाते हैं और ये वाहन स्टेशन रोड से होते हुए नगर के विवेकानंद मार्ग और अकलतरा रोड से गुजरते हैं जो नगर का हृदय स्थल है। ऐसे में आए दिन दुर्घटना होती है। हालांकि सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक नो एंट्री रहती है। मगर देर रात वाहनों की इतनी लंबी कतार लगती है कि नैला से जांजगीर आना जाना कठिन हो जाता है। सड़क की स्थिति भी खराब हो रही है। ऐसे में दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। सालों बाद भी इस समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो सका है। नगरवासियों की परेशानी को देखते हुए भारी वाहनों को शहर से बाहर निकालने के लिए पीडब्ल्यूडी ने अंडरब्रिज नैला के पास से नहर पार में छह किमी. सड़क बनाकर एनएच 49 से जोड़ने का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को दो साल पहले भेजा था। इस प्रस्ताव के अनुसार सड़क की चौड़ाई 15 फीट होगी और लागत लगभग सात करोड़ का अनुमान था। इस सड़क के बन जाने से नगरवासियों को भारी वाहनों से मुक्ति मिल जाएगी। रेलवे स्टेशन व बलौदा की ओर जाने आने वालों के अलावा स्टेशन रोड में निवास करने वालों को भी इससे सुविधा मिलेगी। मगर इसके लिए जनप्रतिनिधि व उच्चाधिकारियों को यह प्रयास करना होगा कि पीडब्ल्यूडी के इस प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृति मिल सके।

## घंटों प्रतीक्षा करायी ग्रामीणों को फिर भी नहीं पहुंचे अधिकारी

**अकलतरा।** गैस पाइपलाइन बिछाने में नियमों की अनदेखी की शिकायत पर गठित जांच समिति के समक्ष गेल इंडिया के अधिकारी नहीं पहुंचे। इसे लेकर विधायक सहित ग्रामीण करीब ढाई घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में गेल इंडिया द्वारा बिछाए जा रहे गैस पाइपलाइन में बरती गई अनियमितता के शिकायत की गई थी। जिस पर गुरूवार 17 अक्टूबर को गठित जांच दल के समक्ष गेल इंडिया के अधिकारियों द्वारा मनमानी एवं शासन के आदेश की अवहेलना करते हुए नहीं पहुंचने पर किसानों ने गेल इंडिया के विरुद्ध नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गेल इंडिया के अधिकारियों के द्वारा नियमों को ताक में रखकर किसानों के खेत से गैस पाइपलाइन बिछाई जाने पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं किसानों के द्वारा गेल इंडिया के विरुद्ध कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार को शिकायत कर कार्रवाई की

मांग की गई थी, जिस पर खेतों की जांच के लिए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्र के किसान एवं गेल इंडिया के अधिकारियों को सुचित कर जांच प्रक्रिया में उपस्थित होने की बात कही गई थी। राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित स्थल पर पोंड़ीदलहा में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रभावित क्षेत्र गांव के किसान एवं राजस्व विभाग से तहसीलदार बाबूलाल जायसवाल, आरआई जितेंद्र सिंह, वी दिनेश सिदार सहित अन्य कर्मचारी जांच के लिए निर्धारित स्थल पोड़ीदल्हा पहुंचे थे। गेल इंडिया के अधिकारी तय समय के 3 घंटे बाद भी नहीं पहुंचे, जबकि मामले को लेकर विधायक ने विस में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लगाया है। इधर अकलतरा तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल का का कहना है कि गेल इंडिया द्वारा बिछाए जा रहे गैस पाइपलाइन के विरुद्ध किसानो की शिकायत पर पोंड़ी दलहा में जांच किया जाना था लेकिन गेल इंडिया के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर जांच नहीं हो संकी। पुनः तिथि का निर्धारण कर मामले की जांच की जाएगी।

## ट्रेन में सफर कर रही महिला ने खा लिया जहर, 112 ने बचाई जान

**बिलासपुर।** दूधमुंहे बच्चे के साथ ट्रेन में सफर कर रही एक महिला ने जहर खा लिया। सूचना



मिलने पर 8 मिनट के भीतर चकरभाठा 112 की टीम मौके पर पहुंची। तत्काल महिला को अस्पताल में पहुंचाया गया। समय पर इलाज मिलने से महिला की जान बच गई। रायपुर की ओर से आ रही ट्रेन में सफर कर रही एक महिला ने पारिवारिक विवाद के कारण जहर खा लिया।

वह चकरभाठा रेलवे स्टेशन में उतरी। हालत बिगड़ने पर स्टेशन में मौजूद लोगों ने 112 को सूचना दी। महिला अचेत अवस्था में पड़ी थी। उसके हाथ में तीन माह का एक मासूम बच्चा था। आरक्षक धर्मेश बघेल व चालक दुर्गेश साहू ने पीड़िता को 112 वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी ने आरक्षक को पुरस्कृत किया है।

## अब बीमा की राशि बीस लाख रुपये देगा इंश्योरेंस कंपनी

**जांजगीर- चांपा।** टर्म लाइफ कवर बीमा पालिसी लेने वाले युवक की मृत्यु होने पर मृतक की मां द्वारा बीमा पालिसी के तहत राशि का दावा किए जाने पर आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा की राशि 20 लाख देने से इंकार कर दिया गया।

शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद परितोष आयोग के समक्ष शिकायत की । जिस पर आयोग ने शिकायतकर्ता के पक्ष में आदेश पारित करते हुए क्लेम की राशि 20 लाख रूपये और पांच हजार रूपये वाद व्यय की राशि पांच हजार सहित देने का आदेश दिया है।

शिकायतकर्ता कमला बाई पति कंचन दास ग्राम पतेरापालीकला थाना नगरदा जिला सक्ती के पुत्र जयविक्रांता ने आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से10 जनवरी 2021 को एक वर्ष के लिए टर्म लाइफ कवर बीमा पालिसी लिया था जिसमें शिकायतकर्ता नामिनी थी। बीमा अवधि में शिकायतकर्ता के पुत्र की दो अप्रैल 21 को मौत हो गई।

शिकायतकर्ता ने अपने पुत्र की बीमा राशि 20 लाख रुपए की मांग आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाईफ इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु कंपनी ने बीमा राशि इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि बिमीत व्यक्ति ने भौतिक तथ्यों को छिपा कर तथा गलत बयानबाजी कर अपनी वित्तीय व चिकित्सीय स्थिति के बारे में गलत जानकारी देकर बीमा कराया है । उपभोक्ता ने बीमा लोकपाल के समक्ष भी शिकायत प्रस्तुत की परंतु बीमा लोकपाल ने भी उपभोक्ता की शिकायत निरस्त कर दी।

## कार पलटने से हॉस्टल अधीक्षक की मौत

**रायगढ़।** गुरुवार की रात एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार पलट गई। हादसे में छात्रावास अधीक्षक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। मामला चक्रधर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज रोड का है।

जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम सुनील यादव (36) है। वहीं उनके घायल दोस्त का नाम दोस्त अशीष कुमार है। घायल को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है।दरअसल, डिग्री कॉलेज रोड पर स्थित छात्रावास के अधीक्षक सुनील यादव अपनी कार से दोस्त के साथ कनकतुरा गए थे। वहां से रात करीब साढ़े 8 बजे लौट रहे थे। इसी दौरान मेडिकल कॉलेज के पास सड़क पर बाइक सवार आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में उनकी कार सड़क से नीचे उतर कर पलट गई।

## तांदुलडीह में कार्यक्रम के दौरान दो सगे भाईयों की तबीयत बिगड़ी, कुछ देर में मौत

**जांजगीर चांपा।** सक्ती जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र के तांदुलडीह गांव के एक परिवार के छह सदस्य पूजा पाठ व साधना कर रहे थे। इस दौरान दो सगे भाई विकास गोंड़, विक्की गोंड़ मूर्छित हो गए, वही परिवार के अन्य सदस्य लगातार जय गुरुदेव की जाप करते रहे। सूचना पर पुलिस पहुंची और दोनों भाईयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती ले जाने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया. घर के अन्य सदस्यों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने दोनों के शव को मर्चुरी में रखवाया है।



सक्ती एसडीओपी मनीष कुंवर के अनुसार तांदुलडीह गांव में महिला फिरीत बाई, अपने तीन बेटे विकास गोंड, विक्रम गोंड, विशाल गोंड और दो बेटियों चंद्रिका व अमरीकन बाई के साथ उज्जैन के एक बाबा की फ़ोटो को सामने रखकर छह सात दिनों से भूखे प्यासे रहकर जाप कर रहे थे। इस दौरान घर से बाहर नहीं निकलने और जोर-जोर से चिल्लाने पर मोहल्ले वालों को जानकारी हुई तो उसके चचेरे भाई ने दरवाजा खोलवाया तो महिला फिरीत बाई ने बताया कि घर में पूजा-पाठ कर रहे हैं।

घर के अंदर जाने पर देखा कि महिला के दो बेटे विकास गोंड़, विक्रम गोंड़ जमीन में मूर्छित पड़े हुए थे।

मोहल्लेवासियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तब मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा दोनों सगे भाईयो को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, घर में मौजूद महिला फिरीत बाई और उसके बेटे विशाल, दो बेटी अमरीकन बाई, चंद्रिका बाई को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** रात्रि में रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता बुधवार की रात तकरीबन 8.30 बजे स्कूटी से घर जा रही थी तभी आरोपी विश्वनाथ कुमार हंसराज उर्फ पोटे द्वारा रास्ते में सुनेपन का फायदा उठाकर पीड़िता का रास्ता रोककर अश्लील इशारा करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता चिल्लाई तो जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध धारा 77, 351, 2, 126, 2 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को पकड़ा और उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## अनमोल वचन......

किसी व्यक्ति के श्रम का सच्चा प्रतिफल वह नहीं है जो उसे मिलता है, बल्कि यह है कि वह उस परिश्रम से क्या बनता है।

# आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं

रिपोर्ट शैक्षिक स्वतंत्रता के बारे में है, इसलिए संभवतः इसकी भारत में ज्यादा चर्चा नहीं होगी। रिपोर्ट चर्चित हो, तो सरकार उसे ठुकरा देगी। सत्ता पक्ष का जवाब आएगा कि यह पूर्वाग्रह से ग्रस्त रिपोर्ट है। ये सब आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं हैं। जिन समाजों में आविष्कार होते हैं और जिनकी निगाह भविष्य पर टिकी होती है, वहां दिमागी आजादी पर सीमाएं लगाने की कोशिश सामान्यतः नहीं होती। बल्कि यह मान्यता प्रचलित है कि दिमागी नियंत्रण से बेहतर है, दिमागी नटखटपन को सहना। जबकि एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि पिछले दस साल में भारत में शैक्षिक स्वतंत्रताएं बहुत सिमट गई हैं। स्कॉलर्स ऐट रिस्क (एसएआर) नाम की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने अपना ताजा शैक्षिक स्वतंत्रता सूचकांक जारी किया है। एसएआर 665 विश्वविद्यालयों का नेटवर्क है, जिसने विभिन्न देशों में शैक्षिक स्वतंत्रता की स्थिति मापने का एक पैमाना विकसित किया है।ताजा रिपोर्ट 'फ्री टू थिंक- 2024' शीर्षक से जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि एक जुलाई 2023 से 30 जून 2024 के बीच 51 देशों में उच्चतर शिक्षा से जुड़े समुदायों की आजादी पर 391 प्रहार किए गए। इन देशों में भारत का खास उल्लेख है। 2013 में एसएआर के सूचकांक पर भारत को 0.6 अंक प्राप्त हुए थे। 2024 में इस पर भारत को सिर्फ 0.2 अंक मिले हैं। इस तरह भारत को एसएआर ने 'पूर्णतः नियंत्रित' देशों की श्रेणी में डाल दिया है। इस संस्था ने एक ऐतिहासिक डेटाबेस भी तैयार किया है। उसकी रोशनी में इसने कहा है कि भारत में आज शैक्षिक स्वतंत्रता की स्थिति 1940 के दशक के मध्य के बाद से सबसे निचले स्तर पर है।रिपोर्ट में भारत पर शैक्षिक स्वंत्रता पर प्रहार की कई मिसालों का जिक्र है। कहा गया है- 'भारत में छात्रों और विद्वानों की शैक्षिक स्वतंत्रता के सामने जो सबसे बड़े खतरे दरपेश हैं, उनमें विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालयों की राजनीति, एवं छात्र प्रतिरोध को नियंत्रित करने और हिंदुत्व का एजेंडा थोपने के भारतीय जनता पार्टी के प्रयास भी शामिल हैं।' चूंकि यह रिपोर्ट शैक्षिक स्वतंत्रता के बारे में है, इसलिए संभवतः इसकी भारत में ज्यादा चर्चा नहीं होगी। रिपोर्ट चर्चित हो, तो सरकार उसे ठुकरा देगी। सत्ता पक्ष का जवाब आएगा कि यह पूर्वाग्रह से ग्रस्त रिपोर्ट है। ये सब आज के दौर में अपेक्षित प्रतिक्रियाएं हैं। मगर उनसे इस रिपोर्ट से उठे मूलभूत प्रश्नों के उत्तर नहीं मिलेंगे।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद विवाद में नही पड़ेगे।

**वृष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**मिथुन राशि :** आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें और आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी। आज आपको आनंद महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों में भी योगदान रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। आप अपने ईगो और गुस्से पर कंट्रोल रखेंगे, आज बेवजह के खर्च से बच जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल में चेंजेस करने की जरूरत है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे। आज बेवजह की नोकझोंक और वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है। आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

# भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलावः आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई का प्रभाव और वादा

//विनोद के पॉल//

**राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बिमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला,लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में, राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की।**

इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी । आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरु करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई।

आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई हैं। बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है।योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें निःशुल्क परामर्श, और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफ़ा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग-थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है।

इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख्या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गई है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है।सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाई स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी-संचालित है, और पेपरलेस या कागज़ रहित होने के साथ-साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह-भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं।

इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं। अंतरिम बजट में सरकार द्वारा इस योजना को विस्तारित करते हुए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लगभग 37 लाख परिवारों को इसके दायरे में लाया गया।

दूसरा, भारत की बढ़ती जीवन प्रत्याशा के मद्देनजर, एक और बड़ा कदम सरकार का 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए पीएमजेएवाई कवरेज देने का निर्णय है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की स्वास्थ्य से संबंधित 75वें चरण की रिपोर्ट से पता चलता है कि इस आयु वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर 11 प्रतिशत से अधिक है। लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एलएएसआई) की 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है कि 75 प्रतिशत बुजुर्गों को एक या एक से अधिक पुरानी बीमारियां हैं, 40 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की विकलांगता है, और 4 में से 1 बहु-रुग्णता से पीड़ित है। उल्लेखनीय रूप से, 58 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी महिलाओं की है, जिनमें 54 प्रतिशत विधवाएं हैं। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित अनेक निजी बीमा उत्पादों के विपरीत, पीएमजेएवाई किसी भी वरिष्ठ नागरिक को पहले से चली आ रही बीमारी के कारण बाहर नहीं करता है; न ही यह लाभ देने से पहले किसी वर्ष की प्रतीक्षा अवधि की शर्त रखता है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके यह योजना उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाती है।पीएमजेएवाई सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य क्षेत्रों को एक राष्ट्र, एक प्रणाली के सूत्र में जोड़ता है। वर्तमान में, पीएमजेएवाई के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा, इनमें से लगभग 25,000 अस्पताल टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं। निजी क्षेत्र में अधिकृत अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और मात्रा का अनुपात क्रमशः 57 प्रतिशत और 67 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को दर्शाता है।

लाभार्थी के पास राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पताल, सार्वजनिक या निजी, चुनने का विकल्प मौजूद है।इस योजना ने अनेक राज्यों में सरकारी अस्पतालों में भी सेवा प्रदायगी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। इन अस्पतालों ने अपनी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए योजना के तहत प्रतिपूर्ति की गई धनराशि का उपयोग किया है। कवरेज और पहुंच की बढ़ती रफ्तार के साथ पीएमजेएवाई में टियर 2 और 3 शहरों में एक ऐसे बाजार के निर्माण के जरिए निजी अस्पतालों के विकास को बढ़ावा देने की क्षमता मौजूद है, जहां पहले भुगतान क्षमता की कमी के कारण मांग पूरी नहीं हो पाती थी। हाल ही में एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री द्वारा किए गए अध्ययन (घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से इकाई-स्तरीय डेटा पर आधारित) में निष्कर्ष निकाला गया है कि पिछले 10 वर्षों में हमारी आबादी का निचला 50 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सा व्यय से संबंधित आघातों के प्रति काफी कम संवेदनशील हो गया है; और यह प्रवृत्ति निकटता से पीएमजेएवाई से संबद्ध है। आज बहुत से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं और साथ ही अपनी संपत्ति और बचत का भी संरक्षण कर पा रहे हैं। आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्पर है। आखिरकार,अच्छा स्वास्थ्य, कल्याण, राष्ट्रीय उत्पादकता और समृद्धि का आधार है।

# विमानों और पायलटों पर जाँच कड़ी ही नहीं औचक भी होनी चाहिए

//रजनीश कपूर //

**मामला देश की एक नई निजी एयरलाइन का है। इसके पास मात्र 25 हवाई जहाज़ हैं। हाल ही में उनमें से 14 हवाई जहाज़ों में रडर कंट्रोल सिस्टम' (पतवार नियंत्रण सिस्टम) को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए द्वारा नोटिस दिया गया। ग़ौरतलब है कि रडर कंट्रोल सिस्टम' विमान को इंजन फेल होने की स्थिति में उसके निर्धारित मार्ग में चलने में सहायता करता है। इसके अलावा विमान के टेक-ऑफ और लैंडिंग के समय भी विमान को सही दिशा में रखने में सहायक होता है।**

आज की व्यस्त जिंदगी में हम सभी समय को काफ़ी महत्व देते हैं। कहीं भी यात्रा करनी हो तो हम कोशिश करते हैं कि यात्रा जल्द से जल्द पूरी हो। ऐसे में जो भी लोग हवाई यात्रा का वहन कर सकते हैं वे फ्लाइट से यात्रा करना ही पसंद करते हैं। इसी तरह जो भी व्यक्ति हवाई यात्रा में भी विशिष्ट सेवा लेना चाहते हैं वे निजी चार्टर कंपनियों की सेवा लेते हैं और अपनी सुविधानुसार यात्रा करना पसंद करते हैं। बीते कुछ दशकों में हमारे देश में हवाई यात्रा के आँकड़े काफ़ी तेज़ी से बढ़े हैं। इसके लिए निजी कंपनियों का नागरिक उड्डयन क्षेत्र में आना एक अहम कारण माना जाता है।

अधिक से अधिक निजी एयरलाइन के आने से हवाई यात्रियों को अपनी सुविधानुसार यात्रा करने का विकल्प भी मिला है। परंतु जिस तरह निजी क्षेत्र के यह ऑपरेटर प्राय- मुनाफ़ा कमाने की मंशा से यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर जाते हैं वह चिंताजनक है। आए दिन हमें इस बात की खबरें मिलती हैं कि पुराने इंजन या पुर्ज़ों के चलते कई निजी कंपनियों के विमानों को ग्राउंड' होना पड़ा। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान में खराब इंजन या अयोग्य पाइलट की वजह से कोई हादसा हो जाए तो दोष किसका होगा, विमान कंपनी का या नागरिक उड्डयन मंत्रालय का, या दोनों का

ताज़ा उदाहरण देश की एक नई निजी एयरलाइन का है जिसके पास मात्र 25 हवाई जहाज़ ही हैं। हाल ही में उनमें से 14 हवाई जहाज़ों में रडर कंट्रोल सिस्टम' (पतवार नियंत्रण सिस्टम) को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए द्वारा नोटिस दिया गया। ग़ौरतलब है कि रडर कंट्रोल सिस्टम' विमान को इंजन फेल होने की स्थिति में उसके निर्धारित मार्ग में चलने में सहायता करता है। इसके अलावा विमान के टेक-ऑफ और लैंडिंग के समय भी विमान को सही दिशा में रखने में सहायक होता है।

रडर कंट्रोल सिस्टम' का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक व मैन्युअल दोनों तरीक़ों से किया जा सकता है। अधिकतर परिस्थितियों में रडर कंट्रोल सिस्टम' का इस्तेमाल मिड-एयर या यात्रा के दौरान नहीं किया जाता। मिसाल के तौर पर यदि आप सड़क पर अपनी गाड़ी को 100 की स्पीड से चला रहे हैं और ऐसे में यदि आप अपनी गाड़ी का स्टीयरिंग ज़रा सा भी दाँय या बाएँ करेंगे तो कितनी गंभीर दुर्घटना हो सकती है आप इसका अनुमान लगा सकते हैं। ऐसे में यदि रडर कंट्रोल सिस्टम' जाम हो जाए या सही रख-रखाव न होने के कारण उसमें कोई तकनीकी दिक़्क़त आ जाए तो विमान दुर्घटना ग्रस्त भी हो सकता है।

यदि किसी भी एयरलाइन में, फिर वो चाहे शेड्यूल एयरलाइन हो या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन, अनुभवी पायलट न हों तो वो इस आपात स्थिति से निपट नहीं पाएगा। यहाँ पर सवाल उठता है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय व डीजीसीए चुनिंदा निजी विमान कंपनियों व कुछ निजी चार्टर कंपनियों के प्रति इतनी उदार क्यों होती हैं कि उनके विमान व पायलटों की कड़ी जाँच नहीं करती जाँच केवल कड़ी ही नहीं औचक भी होनी चाहिए जिससे कि हर विमान कंपनी चलाने वाले के दिल में इस बात का डर बैठा रहे कि मुनाफ़े के लालच में और भ्रष्टाचार के चलते वह यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ न कर सके। वहीं डीजीसीए में ऐसे तकनीकी विशेषज्ञ अवश्य हों जो ख़ानापूर्ति की नीयत से नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से ही विमानों और पायलटों की नियम अनुसार जाँच करें। सरकारी तंत्र का हिस्सा बनकर ख़ानापूर्ति करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों की भी जाँच मंत्रालय के सतर्कता विभाग से की जानी चाहिए।

हाल ही में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक सुरक्षा चेतावनी जारी की, जिसमें कोलिन्स एयरोस्पेस एसवीओ-730 रडर रोलआउट गाइडेंस एक्चुएटर्स (आरआरजीए) से लैस कुछ बोइंग 737 विमानों में प्रतिबंधित या जाम रडर कंट्रोल सिस्टम' की संभावना के बारे में ऑपरेटरों को चेतावनी दी गई। इस चेतावनी में आगे कहा गया कि नमी जमा होने से, रडर कंट्रोल सिस्टम' उड़ान के दौरान जाम हो सकता है। इतना ही नहीं लैंडिंग के दौरान भी रडर कंट्रोल सिस्टम' जाम हो सकता है।

फ्लाइट क्रू को सलाह दी जाती है कि वे प्रतिबंधित रडर कंट्रोल सिस्टम' स्थितियों से निपटने के लिए बोइंग की प्रक्रियाओं का पालन करें और ऑटोपायलट सिस्टम का उपयोग करके जांच करें। सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस को अलर्ट और प्रासंगिक बोइंग मार्गदर्शन से परिचित होना चाहिए। बोइंग ने अगस्त में रडर कंट्रोल सिस्टम' की समस्या से प्रभावित बोइंग 737 ऑपरेटरों को पहले ही सूचित कर दिया था। अब एफएए ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा स्वचालित जांच लैंडिंग से पहले रडर कंट्रोल सिस्टम' की सीमाओं का पता लगा सकती है।

ग़ौरतलब है कि अमरीका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन कि यह चेतावनी दुनिया भर की एयरलाइन को गई है कि वह इस तकनीकी ख़राबी की गहन जाँच करें। हालाँकि भारत की इस निजी एयरलाइन ने यह स्पष्टीकरण दिया है कि इस नोटिस से उसके विमान परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह कमी दूर करने का प्रयास करेगी। परंतु एविएशन विशेषज्ञों के मुताबिक़, भारत में एक ही कंपनी के 25 में से 14 विमानों में ऐसा पाया जाना एक गंभीर समस्या है। लेकिन यहाँ सवाल उठता है कि क्या इस नई कंपनी द्वारा कम समय में अधिक मुनाफ़ा कमाने के चलते ऐसा हुआ

क्या इस कंपनी के पास तकनीकी विशेषज्ञों की कमी है क्या भारत सरकार के डीजीसीए कुछ चुनिंदा अधिकारियों द्वारा इस त्रुटि का जानबूझकर अनदेखा किया गया जो भी कारण हो इसकी जाँच अवश्य होनी चाहिए क्योंकि निजी एयरलाइन हो या निजी चार्टर कंपनी किसी को भी यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कोई हक़ नहीं है। देखना यह है कि आनेवाले समय में नागरिक उड्डयन मंत्रालय या डीजीसीए इन कमियों की कैसे जाँच करती है और ऐसी ग़लतियों पर इन एयरलाइन कंपनियों को क्या सज़ा देती है

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में वाल्मिकी समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।



डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ महिला नागरिक, साल्ट लेक में आरजी कार की घटना के खिलाफ सीजीओ कॉम्प्लेक्स तक मार्च के दौरान एक विरोध रैली में भाग लेती हैं।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली में वाल्मीकि मंदिर गए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मॉरिटानिया के राष्ट्रपति मोहम्मद औलद ग़ज़ौनी के साथ नौआकचॉट में राष्ट्रपति भवन में अपनी बैठक के दौरान।




अखिल भारतीय लोकतांत्रिक छात्र संगठन, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक युवा संगठन और अखिल भारतीय महिला सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों ने नई दिल्ली में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ऑन-ड्यूटी महिला डॉक्टर के साथ जघन्य बलात्कार और हत्या के खिलाफ चल रहे आंदोलन के साथ एकजुटता दिखाते हुए जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए एक बहुउद्देश्यीय वाहन पर लगी एंटी-स्मॉग गन से पानी की बूंदें छिड़की जा रही हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली में भगवान वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# ट्रूडो को झटका! अमेरिका ने भारत की हां में मिलाई हां, कहा- पन्नू मामले में जांच से संतुष्ट



**नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है कि कनाडाई-अमेरिकी नागरिक व खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में अमेरिकी से मिली सूचना के आधार पर एक सरकारी अधिकारी को निष्कासित कर दिया गया है। भारत की तरफ से यह पुष्टि तब आई है जब पन्नू की हत्या की साजिश रचने संबंधी आरोपों की जांच के लिए भारतीय जांच दल के दो अधिकारी अमेरिका में हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने भी एक दिन पहले कहा था कि एक भारतीय अधिकारी का निष्कासन हुआ है। अमेरिका ने कहा है कि उक्त जांच के मामले में भारत से पूरा सहयोग मिल रहा है और वह इससे संतुष्ट है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से जब इस संबंध में पूछा गया तो उनका जवाब था- हां, मैं इस बात की पुष्टि करता हूं कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का हिस्सा नहीं है। उन्होंने उक्त अधिकारी के बारे में और कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया।

अमेरिकी एजेंसियों को उक्त अधिकारी के बारे में जानकारी निखिल गुप्ता ने दी थी। गुप्ता वह व्यक्ति हैं जिसे अमेरिका ने पन्नू की हत्या की साजिश रचने का प्रमुख अपराधी माना है। उसे चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था।गुप्ता ने ही बताया था कि उसे भारतीय अधिकारी (कोड नाम-सीसीवन) ने पन्नू की हत्या करवाने का निर्देश दिया था। सनद रहे कि पन्नू को भारत सरकार ने पहले ही आतंकी सूची में डाल रखा है लेकिन वह कनाडा व अमेरिका से लगातार भारत विरोधी रैलियां व दूसरे आयोजन करता है। उसने एक संगठन सिख फार जस्टिस का गठन कर रखा है जिसे भारत ने प्रतिबंधित किया हुआ है। जायसवाल ने बताया कि भारत लगातार अमेरिका के साथ संपर्क में है। कनाडा की तरफ से भारत पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाने के कुछ ही दिनों बाद अमेरिका ने भी कहा था कि भारतीय एजेंसियां से जुड़े व्यक्ति पन्नू की हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं। इसकी जांच करने के लिए भारत ने एक समिति बना रखी है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश के संबंध में भारतीय जांच समिति के साथ बैठक सकारात्मक रही। हम उनकी जांच और सहयोग से संतुष्ट है। मिलर ने भी कहा कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है।

### हमास का नया चीफ, इजरायल पर हमले का मास्टरमाइंड

**यरुशलम।** गाजा में इजरायली सेना की गुरुवार की कार्रवाई में हमास प्रमुख याह्या सिनवार मारा गया। इजरायली सेना ने इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है। इजरायली सेना ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मारा गया याह्या सिनवार। गौरतलब है कि पहले इजरायली सेना ने उसके मारे जाने की संभावना जताई थी, लेकिन ठोस रूप में कुछ कह पाने में सक्षम नहीं थी। इसके बाद सिनवार जैसे दिखने वाले शख्स के शव की सही पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को भी इसकी जानकारी दी गई थी। हमास ने इस चर्चा पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। सिनवार का मारा जाना इजरायली सेना की बड़ी सफलता है। इजरायली सेना ने इससे पहले आधिकारिक बयान में कहा था कि गाजा में तीन लड़ाके मारे गए हैं।

## मिल्कीपुर में चुनाव चाहती है तो लिखकर दे, सपा को भाजपा का चैलेंज, गोरखनाथ बाबा का सवाल- क्यों भेजा वकील



**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव का ऐलान नहीं होने के बाद से शुरू हुई राजनीति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा मिल्कीपुर में चुनाव कराने की घोषणा न करने पर पहले सपा ने भाजपा पर उपचुनाव से डर जाने का आरोप लगाया। गुरुवार को कोर्ट से मामला न निस्तारित होने पर भाजपा ने सपा को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर ही चुनाव न चाहने का आरोप लगाया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और भाजपा के चुनाव प्रबंधन का काम देख रहे जेपीएस राठौर ने कहा कि यदि सपा वास्तव में मिल्कीपुर सीट पर चुनाव चाहती है तो वह कोर्ट के साथ ही निर्वाचन आयोग में लिखकर दे। राठौर ने कहा कि भाजपा चुनाव चाहती है, इसीलिए उसने एक दिन पहले बुधवार को ही आयोग को पत्र सौंपकर मिल्कीपुर सीट का उपचुनाव भी अन्य नौ सीटों के साथ कराने का अनुरोध कर चुकी है। पार्टी की पूरी कोशिश थी कि गुरुवार को कोर्ट से भी मामला निस्तारित हो जाए, लेकिन सपा ने ऐसा नहीं होने दिया।

वहीं, कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले बाबा गोरखनाथ ने भी कहा है कि सपा नहीं चाहती कि मिल्कीपुर में चुनाव हो। मीडिया से बातचीत में गोरखनाथ ने कहा कि सपा डर गई है इसीलिए कोर्ट में याचिका वापसी का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले समाजवादी पार्टी के लोग छाती पीट रहे थे, कह रहे थे कि भाजपा डर की वजह से चुनाव टाल रही है। अब जब हम मुकदमा वापस लेने गए तो वकील भेजने का क्या मतलब है।

## चार दिन में 20 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी, दोषियों को नो फ्लाई लिस्ट में डालने की तैयारी



**मुंबई, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी। लगभग एक दर्जन उड़ानों को सोमवार और मंगलवार को भी इसी प्रकार की धमकियां मिली थीं। इस बीच, नागरिक उड्डयन मंत्रालय विमानों में बम होने की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को नो फ्लाई लिस्ट में शामिल करने की योजना बना रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि मंत्रालय नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एयरलाइनों को बम की धमकी की घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने इन घटनाओं के पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका से इन्कार किया। मुंबई पुलिस इस सिलसिले में तीन दिनों में सात केस दर्ज किए हैं। गुरुवार को मुंबई आ रही विस्तारा एयरलाइन की उड़ान को फ्रेंकफर्ट से आते ही तुरंत सुरक्षा जांच के लिए ले जाया गया, क्योंकि बोइंग 787 विमान में बम की धमकी मिली थी। विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया। विमान में यात्री और चालक दल के सदस्यों को मिलाकर कुल 147 लोग मौजूद थे। इसी समय तुर्किये के इस्तांबुल से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान में भी बम की धमकी मिली। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यापक जांच के लिए विमान को एक अलग स्थान पर ले जाया गया।भारतीय विमानों में बम रखे होने की धमकी देने वाले लगभग 10 इंटरनेट मीडिया हैंडल को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक कर दिया है।

# कपड़े उतारने से मना किया तो सिर फोड़ा, एचबीटीयू के छात्रों ने की रैगिंग, बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे जूनियर छात्र

**कानपुर, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास में बीटेक तृतीय वर्ष के तीन छात्रों के साथ चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने रैगिंग की सीमाएं तोड़ते हुए जानलेवा हमला किया है। पीड़ित छात्रों की ओर से नवाबगंज थाने में बुधवार की देर रात रैगिंग और जानलेवा हमले की एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसमें एक छात्र का सिर फट जाने और दो अन्य छात्रों के घायल होने की जानकारी है। विश्वविद्यालय के प्राक्टोरियल बोर्ड में भी पीड़ितों ने अपनी शिकायत दी है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन इसे छात्रों के बीच का झगड़ा मान रहा है। दूसरे पक्ष को भी प्राक्टोरियल बोर्ड ने तलब किया है। विश्वविद्यालय के प्राक्टर डॉ. अलख कुमार ने कहा कि जांच के बाद हकीकत सामने आएगी, लेकिन जिन छात्रों ने आरोप लगाया है वह बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र हैं और हॉस्टल से बाहर रहते हैं।रैगिंग का आरोप लगाने वाले छात्र के अनुसार, उसके दो दोस्त के साथ सीनियर छात्रों ने अपने हॉस्टल में मंगलवार की रात में बर्थ डे पार्टी के लिए बुलाया और मारपीट की है। घटनाक्रम के



अनुसार, जब वह लोग अब्दुल कलाम हॉस्टल में गोविंद के कमरे में पहुंचे तो पार्टी छत पर चल रही थी। वहां आधी रात के बाद सीनियर साथियों ने जूनियर को कपड़े उतारकर नंगा होने के लिए कहा। इसका विरोध करने पर सभी को मारा पीटा गया। तीन छात्रों ने लोहे की राड व बेल्ट से मारा। एक ने डंडा मारकर जूनियर छात्र का सिर फोड़ दिया। एक छात्र की आंख और अंगुली में चोट आई है। एक का गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। छात्रों की शिकायत पर नवाबगंज थाने में बुधवार की रात 11 बजकर 50 मिनट पर एफआईआर दर्ज की गई है।एचबीटीयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अलख कुमार ने बताया कि तीनों पीड़ित छात्रों की ओर से प्राक्टोरियल बोर्ड में लिखित शिकायत दी गई है। प्राक्टोरियल बोर्ड के दो सदस्यों डॉ. एके राठौर और डॉ. जेके द्विवेदी ने पीड़ित छात्रों के बयान दर्ज किए हैं।

अब दूसरे पक्ष के छात्रों को बुलाकर उनका पक्ष प्राप्त किया जाएगा। प्राक्टोरियल बोर्ड की जांच के बाद ही सच्चाई पता चल सकेगी।विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले में रैगिंग के आरोप को सही नहीं मान रहा है।

डीन डॉ. अलख कुमार ने बताया कि जब छात्रों से पूछा गया कि वह हॉस्टल से बाहर निजी फ्लैट में रहते हैं तो वह हॉस्टल में कैसे पहुंच गए तो उन्होंने बताया कि सीनियर के दबाव में जाना पड़ा है। पीड़ित छात्र बीटेक तृतीय वर्ष के हैं और प्रथम और द्वितीय वर्ष की पढ़ाई के दौरान कभी रैगिंग की शिकायत नहीं की।एचबीटीयू के छात्रों और शिक्षकों के बीच यह मामला गुरुवार को चर्चा का विषय बना रहा है। मामले को दो छात्र गुटों के बीच का झगड़ा बताया जा रहा है। पुलिस में एफआईआर दर्ज होने की वजह कन्नौज में तैनात एक मजिस्ट्रेट के फोन को बताया जा रहा है।

## अपने सीनियर से मिलने आई युवती फ्लैट से नीचे गिरी, पुलिस से बोली- मोबाइल पर बात करते हुए फिसल गया था पैर




**इंदौर, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विजयनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एमबीए की छात्रा तीसरी मंजिल से गिर गई। छात्रा को कमर और हाथों में चोट आई है। बयानों में छात्रा ने कहा मोबाइल पर बात करते समय पैर फिसल गया था।उसने विवाद से इनकार कर दिया है। टीआई सीके पटेल के मुताबिक घटना स्कीम-54 की है। युवती का नाम नंदनी धनोतिया निवासी नेहरूनगर है। नंदनी एमबीए की पढ़ाई कर रही है। दोपहर को वह दोस्त दीपेश जैन से मिलने गई थी। अचानक तीसरी मंजिल से नीते गिर गई। गनीमत रही नंदनी तल मंजिल पर बनी दुकान के शेड गिरी।

युवती के गिरने से लोग घबरा गए।लोगों ने पुलिस को बुलाया और युवती को अस्पताल ले गए। टीआई के मुताबिक नंदनी ने बयान में बताया दीपेश उसका सीनियर है। वह उससे मिलने गई थी। मोबाइल पर बात करते समय पैर फिसलने से नीचे गिर गई। मूलतः ललितपुर निवासी दीपेश इमातर में किराये से रहता है। दीपेश ने पुलिस को बताया घटना के वक्त वह रुम में था। थोड़ी देर पूर्व दोनों बातचीत कर रहे थे।

# टेलीग्राम पर चल रहा गंदा खेल! रिपोर्ट में दावा- लाखों यूजर्स AI के जरिए लड़कियों के बना रहे डीपफेक वीडियो

**नईदिल्ली, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आज का दौर तकनीक का है, रोज नई नई तकनीकें दुनिया में आ रही हैं। लेकिन यही तकनीक इंसान को परेशान करने वाली भी बन रही है। एक रिपोर्ट में पता चला कि है टेलीग्राम पर एआई-संचालित चैटबॉट का उपयोग पर लाखों उपयोगकर्ता लड़कियों और महिलाओं के डीपफेक वीडियो और फोटो बना रहे हैं और इन उपयोगकर्ताओं के निशाने पर खासतौर पर युवा लड़कियां और महिलाएं हैं। वायर्ड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हर महीने 40 लाख तक उपयोगकर्ता इन एआई चैटबॉट्स का उपयोग डीपफेक बनाने के लिए करते हैं जो कपड़े हटाकर या यौन गतिविधि सेटकर तस्वीरों को बदल सकते हैं। इस खतरनाक प्रवृत्ति ने विशेषज्ञों के बीच इन उपकरणों से होने वाले संभावित नुकसान के बारे में चिंता बढ़ा दी है। अब विशेषज्ञ इन बातों पर जोर दे रहे हैं कि इन सब से कैसे बचा जाए।चार साल पहले एआई चैटबॉट्स की खोज करने वाले विशेषज्ञ हेनरी एजडर ने ऐसी प्रौद्योगिकियों के खतरों पर बात की। उन्होंने इन सबको एक बुरे सपने की तरह बताया और कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है कि ये एप वास्तव में जीवन को बर्बाद कर रहे हैं और मुख्य रूप से युवा लड़कियों और महिलाओं के लिए एक बहुत ही खराब स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने ये कहा कि दुनिया में कहीं भी इस तरह के ऐप्स तक पहुंचना काफी आसान है। टेलीग्राम को लेकर किए गए वायर्ड के विश्लेषण के अनुसार एक सर्वेक्षण से पता चला है कि अमेरिका के 40 प्रतिशत छात्रों ने स्कूलों में प्रसारित होने वाले डीपफेक का सामना किया है। हॉलीवुड की टेलर स्विफ्ट और जेना ओर्टेगा जैसी मशहूर हस्तियां पहले भी डीपफेक का शिकार हो चुकी हैं।

## मारा गया हमास प्रमुख सिनवार, अमेरिका ने की पुष्टि, कहा- इजरायल और दुनिया के लिए शुभ दिन

**वाशिंगटन।** इजरायली सेना के हमले में गुरुवार को हमास प्रमुख याह्या सिनवार मारा गया। इजरायली सेना ने इसकी आधिकारिक पुष्टि कर दी है। वहीं, इस मामले पर अमेरिका के राष्ट्रपति का बयान आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्वीट किया कि हमास नेता याह्या सिनवार का निधन हो गया। यह इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया के लिए एक शुभ दिन है। व्हाइट हाउस द्वारा जारी विज्ञप्ति में जो बाइडन ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर के हमास आतंकियों द्वारा नरसंहार के तुरंत बाद, मैंने विशेष अभियान कर्मियों और हमारे खुफिया पेशेवरों को अपने इजरायली समकक्षों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का निर्देश दिया ताकि गाजा में छिपे सिनवार और अन्य हमास नेताओं का पता लगाने और उन पर नजर रखने में मदद मिल सके। जो बाइडन ने सिनवार की मौत की तुलना अल-कायदा के आतंकी ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद अमेरिका में महसूस की गई भावना से की। लादेन 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में किये गये हमले का आरोपी था।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय की बंद तिजोरी में निकला हजारों साल पुराना खजाना, मिले सोने-चांदी के सिक्के

**प्रयागराज, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में 25 वर्षों से बंद पड़े लॉकर और अलमारी से 'खजाना' निकला है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण दुर्लभ दीनार के वह सिक्के हैं, जो जम्मू-कश्मीर राजवंश के इतिहास पर रोशनी डाल रहे हैं।कुछ सिक्कों का मुद्राशास्त्र विशेषज्ञ से परीक्षण के बाद सामने आई रिपोर्ट के अनुसार, ये सिक्का लगभग 400-500 ईस्वी के बीच किदाराइट साम्राज्य द्वारा जारी किए गए थे, जो उस समय जम्मू और कश्मीर क्षेत्र पर शासन करता था। इसके अलावा, मिली धरोहरों में विभिन्न धातुओं के करीब 500 प्राचीन सिक्के, पर्शियन भाषा में लिखा एक शाही फरमान और ताम्रपत्र पर अंकित पाली भाषा में विनय पिटक शामिल है। विनय पिटक बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अनुशासन नियमों का संग्रह है।एक दशक से भी ज्यादा समय से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मौजूद इस पुरातात्विक धरोहरों को 1998 में एक समिति ने लॉकर व अलमारी में बंद कर दिया था। इसके बाद से ये वस्तुएं अनछुई थीं। गुरुवार को लॉकर खुलने के बाद सिक्कों का मुद्राशास्त्र विशेषज्ञ से परीक्षण कराया गया है। इसकी रिपोर्ट के अनुसार,



400-500 ईस्वी में किदाराइट साम्राज्य जम्मू और कश्मीर क्षेत्र पर शासन करता था। इस विशेष सिक्के का वजन 7.34 ग्राम है और इसका व्यास 21 मिमी है। इसे गोल आकार में तैयार किया गया था। हालांकि, यह थोड़ा असमान है। सोने से निर्मित इस सिक्के की रचना डिबेस्ड मानी जाती है, जिसका अर्थ है कि इसमें शुद्ध सोने की मात्रा कम है। इसके अग्रभाग पर एक राजा को खड़ा दिखाया गया है, जो बाएं तरफ वेदी पर बलि दे रहा है। राजा के हाथ के नीचे ब्राह्मी लिपि में लिखा हुआ है, जिसका अनुवाद किदारा होता है, जो किदाराइट साम्राज्य के शासक का संदर्भ है।

इस खोज से किदाराइट साम्राज्य और जम्मू-कश्मीर के प्राचीन इतिहास पर शोध करने वाले विद्वानों के लिए नए आयाम खुल सकते हैं। लॉकर में मिले प्राचीन सिक्के विभिन्न शासकों के काल से संबंधित हैं और इनमें से कई सिक्के 2,000 साल पुराने माने जा रहे हैं। इनका संबंध मौर्य, कुषाण, और गुप्तकाल जैसी प्राचीन सभ्यताओं से है। वहीं, पर्शियन भाषा में लिखा हुआ शाही फरमान 16वीं शताब्दी का है, जब इलाहाबाद सूबा बना था और यह सोरांव तहसील से संबंधित है।

# दोस्त को फंसाने के लिए विमानों को बम से उड़ाने की दी धमकी, जांच में पूरी बात आई सामने

**राजनांदगांव, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

एअर इंडिया और इंडिगो के तीन विमानों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से हिरासत में लिए गए 17 वर्षीय किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया है। किशोर ने अपने 24 वर्षीय दोस्त को फंसाने के लिए उसके मोबाइल फोन व ईमेल हैक कर एक्स पर धमकी वाली पोस्ट की थी। पुलिस के अनुसार वह मोबाइल हैक करने में माहिर है, लेकिन उसके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है। मुंबई जोन-8 के डीएसपी मनीष कलवानिया ने बताया कि पोस्ट करने के कुछ घंटे बाद ही किशोर ने खुद मुंबई पुलिस को फोन कर बताया कि वह एक्स पर धमकी देने वाले को जानता हैं। इस सूचना के बाद ही मुंबई पुलिस राजनांदगांव पहुंची थी।पूछताछ और एक्स अकाउंट की जांच



में फर्जी अकाउंट बनाने का संदेह होने पर पुलिस मुख्य आरोपित किशोर और उसके पिता के साथ उसके दोस्त को भी अपने साथ ले गई थी। पुलिस की पूछताछ में यह सामने आया कि किशोर का दोस्त के साथ पैसों को लेकर विवाद था। मोबाइल शॉप खोलने के नाम पर किशोर ने उससे 20 लाख रुपये लिए थे, लेकिन जब दोस्त को किशोर की हरकत का पता चला तो उसने रुपये लौटाने को कहा।इस पर किशोर की मां ने चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इसी रंजिश में किशोर ने उसके मोबाइल व ईमेल को हैक कर एक्स पर विमानों को बम से उड़ाने की धमकी वाली पोस्ट की थी। मुंबई पुलिस उसके पिता से किशोर की और गतिविधियां पता करने की कोशिश कर रही है। आरोपित पर मोबाइल हैक कर कई व्यापारियों से मोटी रकम वसूलने का मामला भी सामने आ रहा है। डोंगरगढ़ थाने में किशोर के माता-पिता के विरुद्ध 1.35 लाख रुपये नहीं लौटाने की शिकायत भी दर्ज है।दोस्त व परिवार को मोबाइल दुकान के लिए दिए रुपये नहीं लौटाने पर विवाद के बाद किशोर ने दोस्त के साथ उसके चचेरे भाई के खिलाफ अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला दर्ज कराया था। पॉक्सो के तहत मामला भी दर्ज हुआ था। दो माह में जब हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली तो किशोर ने फिर उसके चचेरे भाई का मोबाइल हैक कर उसके नंबर से अपने मोबाइल में जान से मारने की धमकी व गाली गलौज का मैसेज भेजकर पुलिस में शिकायत कर दी। इस मामले में डेढ़ माह से दोस्त का चचेरा भाई जेल में है। राजनांदगांव के एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि मुंबई पुलिस को सभी जानकारियां उपलब्ध करा दी गई हैं।

## हरियाणा में नई सरकार बनते ही महंगाई का डोज, एक नवंबर से मासिक पास के किराए में बढ़ोतरी का फैसला



**पलवल, 18 अक्टूबर [एजेंसी]।**

प्रदेश में चुनाव समाप्त होने के बाद नई सरकार के गठन के साथ ही पलवल के निवासियों को गदपुरी टोल प्लाजा ने मासिक पास में 140 रुपये की वृद्धि कर दी है। पलवल-फरीदाबाद नई दिल्ली के साथ ही अन्य क्षेत्रों के निजी वाहनों के लोगों को गदपुरी स्थित टोल प्लाजा क्रास करने को लेकर अब ज्यादा मासिक किराया देना पड़ेगा। हालांकि पहले मासिक पास का किराया 200 रुपये था जो अब बढ़ाकर 340 रुपये कर दिया गया है। गदपुरी टोल प्लाजा कंपनी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 31 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे से निजी वाहन चालक जो मासिक पास कराया के दायरे में आते हैं, उन्हें अब 340 प्रति माह का रिचार्ज करना होगा।

स्थानीय लोग टोल टैक्स बढ़ने से नाराज है। लोगों का कहना है कि जब सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं तो टोल टैक्स क्यों बढ़ाया जा रहा है। राजमार्ग प्राधिकरण इससे पहले एक अप्रैल को टोल की दरों में पांच से 10 रुपये की बढ़ोतरी कर चुकी है, लेकिन उस समय राजनीतिक दलों तथा लोगों के विरोध को देखते हुए टोल पास की दर नहीं बढ़ाई थी। अब एक नवंबर से बढ़ाई जा रही दरों के हिसाब से टोल पास बनवाना होगा।मासिक पास के दायरे गांव बघौला, अगवानपुर, आल्हापुर, पलवल, नया गांव, अलावलपुर, मांदकौल, देवली, मीरापुर, फिरोजपुर, सीकरी, झाड़सेतली, बल्लभगढ़ सहित टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर परिधि में आने वाले शहर, कस्बों तथा गांव शामिल हैं।बता दें कि टोल शुरू होने से पहले पलवल और स्थानीय लोगों ने मिलकर एक महीने तक टोल को लोगों ने चलने नहीं दिया था। बाद में टोल से 20 किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले वाहन चालकों के लिए राजमार्ग प्राधिकरण और टोल कंपनी के बीच 340 रुपये के बजाय 200 रुपये का मासिक पास बनवाने तथा आसपास के पांच किलोमीटर के गांवों के लोगों के लिए फ्री पास की सुविधा देने पर धरना समाप्त हुआ और टोल शुरू किया गया।

# सड़क पर उतरे लोग तो डामरीकरण का मिला आश्वासन

**सीतापुर।** बारिश में कीचड़ और वर्तमान मौसम में उड़ती धूल से परेशान शहरवासियों ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क जाम कर दिया। लगभग छह घण्टे तक सड़क जाम के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से 23 अक्टूबर से डामरीकरण के लिखित आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया। सड़क जाम के कारण सीतापुर में वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाली के कारण वर्षो से धूल से परेशान हो चुके नगरवासियों ने सड़क मरम्मत की मांग को लेकर गुरुवार सुबह 11 बजे सड़क जाम कर दिया।विकास मंच एवं व्यापारी संघ के नेतृत्व में नगरवासियों द्वारा कारगिल चौक पर किए गए जाम के कारण आवागमन बाधित हो गया ।इस दौरान यात्री बसों को परिवर्तित मार्ग से गंतव्य की ओर रवाना किया जा रहा है।वही भारी वाहनों के जाम में फंसे होने की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।जाम के दौरान नायाब तहसीलदार एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने चक्काजाम में बैठे लोगों को समझाने की बहुत कोशिश की। उन्होंने दीपावली के बाद सड़क मरम्मत कराने का आश्वासन भी दिया। लेकिन आंदोलनकारी तत्काल सड़क का डामरीकरण कराने की अपनी मांग पर अड़े रहे।आंदोलनकारियों का कहना था कि शासन



प्रशासन अगर सड़क की मरम्मत नही करा सकती तो अपने हाथ खड़े कर दे। हम नगरवासी आपस मे चंदा करके सड़क की मरम्मत करा लेंगे।ताकि जानलेवा बन चुकी धूल से नगर को मुक्ति मिल सके।इस संबंध में आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नही होती। तब तक अनिश्चितकालीन चक्काजाम एवं विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। देर शाम कार्यपालन अभियंता द्वारा 23 अक्टूबर से डामरीकरण का काम शुरू कराने का लिखित आश्वासन दिया गया। जिसे नायब तहसीलदार आर एस पैंकरा लेकर आंदोलनकारियों के पास पहुँचे। दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत एवं नायब तहसीलदार की समझाइश के बाद आंदोलनकारियों ने जाम समाप्त किया। इस दौरान नगरवासियों ने कहा कि अगर 23 को डामरीकरण का कार्य शुरू नही हुआ।उस स्थिति में नगरवासी फिर से सड़क जाम करने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी। इस मौके पर विकास मंच,व्यापारी संघ के पदाधिकारी,नगरवासी समेत पुलिस एवं प्रशासनके अधिकारी मौजूद थे। धूलभरी सड़क से परेशान नगरवासियों ने विकास मंच एवं व्यापारी संघ के नेतृत्व में विगत सप्ताह भर पूर्व एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में लोगों ने सड़क के धूल से मुक्ति दिलाने डामरीकरण की मांग की थी। ताकि जर्जर सड़क की वजह से नगर में उड़ने वाली धूल से निजात मिल सके। डामरीकरण की मांग पूरी नही होने पर लोगों ने चक्काजाम की बात कही थी। इस संबंध में मौखिक रूप से सड़क मरम्मत का आश्वासन भी दिया गया था।इसके बाद भी सड़क मरम्मत एवं डामरीकरण को लेकर संबंधित विभाग ने गंभीरता नही दिखाई। जिसकी वजह से मजबूर होकर नगरवासियों ने विकास मंच एवं व्यापारी संघ के नेतृत्व में कारगिल चौक पर जाम कर दिया था।

## हादसों में मृत और पीड़ितों को राहत दिलाने विधिक सेवा की बैठक, हुई पहल



**कोरिया।** हिट एंड रन के मामलों में आहत और मृतक व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर 2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुण्ठपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए मुआवजा प्रक्रिया पर चर्चा की गई। मॉनिटरिंग कमेटी की इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मोहम्मद रिजवान खान के निर्देशन में की गई। इसमें संयोजक सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर बैकुण्ठपुर श्री उमेश कुमार पटेल, डिप्टी कलेक्टर एमसीबी श्री लिंगराज सिदार, जिला कोरिया के उप पुलिस अधीक्षक श्री श्याम मधुकर और एमसीबी की उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती तरसीला टोप्पो शामिल हुए। बैठक में हिट एंड रन मामलों में मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। यदि किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना होती है और एक महीने तक वाहन की पहचान नहीं हो पाती है, तो पुलिस एफआईआर की कॉपी सहित सूचना क्लेम जांच अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) को भेजती है। इसके बाद अधिकारी पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू करते हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि 2022 से अब तक एमसीबी जिले में हिट एंड रन के 14 मामलों का निराकरण किया गया है, जिसके तहत मृतकों के परिवारों को कुल 14 लाख रुपये मुआवजा राशि दी जा चुकी।

## दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत वरीयता सूची का प्रकाशन

**कोरिया।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्लूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत बैकुण्ठपुर और भरतपुर (एमसीबी) परियोजनाओं में विभिन्न पदों की भर्ती के लिए वरीयता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला कोरिया के उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी से मिली जानकारी के अनुसार, इन परियोजनाओं में डब्लूडीटी सदस्य (यांत्रिकी, आजीविका और समूह विकास) के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदनों और दावा- आपत्ति के निराकरण के बाद इन पदों के लिए अंतिम वरीयता सूची तैयार की गई है। इच्छुक आवेदक जिला कोरिया की आधिकारिक वेबसाइट और जिला एमसीबी की वेबसाइट पर जाकर वरीयता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के बाद चयनित उम्मीदवारों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कोरिया।** जिले के बचरा-पोड़ी के पोड़ी में 18 अक्टूबर को आयोजित होने वाला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा नई तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी। यह शिविर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। जनसमस्या निवारण शिविर में आमतौर पर नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे जमीन, पेयजल, सड़क, बिजली और सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखते हैं।आगामी शिविर की तिथि के बारे में प्रशासन द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकेंगे।

## जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में चलाया गया आयुष्मान कार्ड महाअभियान

**सूरजपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं भारत योजना डिजिटल मिशन के अंतर्गत आज जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड महाअभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शिक्षक , आयुष्मान ऑपरेटर व अन्य संबंधित कर्मचारियों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा महा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए है। आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। जनपद पंचायत ओड़गी में नेटवर्क विहीन पारा व मोहल्ले को नेटवर्क क्षेत्र में लाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

## कार से कुचलकर मासूम की मौत

**अंबिकापुर।** घर के बाहर खेल रहे भाजपा नेता के बेटे को कार ने कुचल दिया. गंभीर हालत में बिलासपुर के अपोलो अस्पताल दाखिल मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता धीरज सिंहदेव का बेटा स्वतंत्र सिंहदेव बलरामपुर से अंबिकापुर में वसुंधरा कॉलोनी में रहने वाली अपनी बुआ के घर आया हुआ था. घर के बाहर खेलते समय कार ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे को बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बच्चे को कुचले जाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू

**अंबिकापुर।** रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद अब प्रदेश के चौथे शहर अंबिकापुर से नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू हो गई है. इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअल जुड़ते हुए दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे.अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 से हवाई पट्टी थी, जिसका विकास हवाई अड्डे के रूप में किया गया है. विमान सेवा शुरू होने के पहले से ही दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है।

## आरक्षक पर गर्म तेल उड़ेलने के मामले में कई और आरोपित गिरफ्तार

**सूरजपुर।** पुलिस आरक्षक पर खौलता तेल उड़ेलने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किए जाने वालों में आरोपित कुलदीप साहू के पिता, भाई व चचेरा भाई भी शामिल है। पुलिस पूरे मामले में गोपनीयता बरत रही है और मीडिया से दूरी बनाए हुए है। रविवार की रात पुराना बस स्टैंड के पीछे चौपाटी पहुंचे कोतवाली के आरक्षक घनश्याम सोनवानी ने जिलाबदर कुलदीप साहू को देख कर पकड़ने की कोशिश की थी। इसी बात से आक्रोशित अपने साथियों के साथ खड़े कुलदीप साहू ने बिरयानी सेंटर में कढ़ाई में खौल रहे गर्म तेल को आरक्षक घनश्याम साहू पर उड़ेल कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस हत्या के प्रयास के मामले में मुख्य आरोपित कुलदीप साहू एवं अन्य को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वही उक्त वारदातों की जांच में हिरासत में लिए गए मुख्य आरोपित कुलदीप साहू के सहयोगी राजू साहू, मनीष जायसवाल, विजय हथगेन, प्रवीण कुमार एवं कुलदीप साहू के चचेरे भाई सनी साहू को गुरुवार को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

# कलेक्टर ने शिक्षा आदिम, अनुसूचित जाति विकास,खेल विभाग की ली मासिक समीक्षा बैठक

### जिला शिक्षा अधिकारी व मिशन समन्वयक अपार आईडी प्रोग्रेस की करें रेगुलर मॉनिटरिंग

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज शिक्षा,आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग और खेल विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को अपार आईडी को लेकर विशेष फोकस करने की बात कही तथा जिला शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपार आईडी के लिए लगने वांछित दस्तावेज जिन विद्यार्थियों के पास नहीं है उन्हे शीघ्र अपडेट कराकर शत प्रतिशत अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया को पूरा किया जाए ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत विद्यार्थियों के समग्र विकास और शैक्षिक प्रगति को ट्रैक करने के साथ ही एक राष्ट्र एक छात्र आईडी की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान किया जा सके।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक को विकासखंड, संकुल और शाला स्तर पर प्रक्रिया की सतत निगरानी के निर्देश दिए। इसके साथ ही ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर को अपने क्षेत्र के पीएम स्कूल को अनिवार्य रूप से साप्ताहिक भौतिक निरीक्षण के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जाति-निवास प्रमाण पत्र व उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सम्बंध में में भी विस्तृत चर्चा की गई खेल विभाग से चर्चा में कॉलेज ग्राउण्ड सूरजपुर में प्रस्तावित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक (4 लेन) पर जानकारी ली गई। जिसके प्रस्ताव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही योजनाबद्ध तरीके से इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश खेल अधिकारी को दिए गए। इसके साथ ही खेलो इंडिया योजना के तहत सूरजपुर ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में खेलो इंडिया लघु केन्द्र फूटबॉल खेल प्रशिक्षण संचालन पर चर्चा की गई। जहां वर्तमान में चयन ट्रॉयल के माध्यम से चयनित 19 बालिका व 20 बालक सहित कुल 39 खिलाड़ी नि:शुल्क फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के स्वीकृत कार्यो की जानकारी, आदिवासी कन्या परिसर, आदिवासी सांस्कृतिक दलों की सहायता तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन भुगतान पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के विषयों में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ललित राम पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संकल्प साहू, खेल अधिकारी आरती सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संभागीय संयुक्त संचालक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी का औचक निरीक्षण

**सूरजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी का अधोहस्ताक्षरकर्ता डॉ. अनिल कुमार शुक्ला संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, सरगुजा संभाग के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मात्र एक आयुष चिकित्सक एवं एक स्टॉफ नर्स उपलब्ध थे जबकि संस्था प्रभारी सहित अन्य समस्त चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स अनुपस्थित पाए गए जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी का औसत ओ.पी.डी प्रति-दिवस लगभग 70 से 80 है। तत्संबंध में समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त स्टॉफनर्स नोटिस जारी कर अवैतनिक की कार्यवाही की जायें। स्वास्थ्य संस्था में साफ सफाई का विशेष अभाव पाया गया, अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा आकस्मिक अवकाश एवं अन्य अवकाश में प्रस्थान करने के पूर्व बगैर संस्था प्रमुख के पूर्व अनुमति के अनुमोदन ही अवकाश में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आकस्मिक निरीक्षण में अमीत लाल तिग्गा एम.एन.एस, विनोदित लकड़ा ए.एन.एम., प्रेमप्रकाश कुशवाहा वार्ड बॉय 02 दिवस संस्था में अनुपस्थित पाया गया। इन समस्त कर्मचारियों को उक्त दिवस को अवैतनिक किये जाने की नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु एवं समस्त स्वास्थ्य संस्था में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियत समय पर अपने कार्य पर उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## कर्मा महोत्सव में सीएम ने हमर सुघ्घर गांव का किया शुभारंभ

**सूरजपुर।** जिला स्तरीय आदिवासी समाज कर्मा महोत्सव कार्यक्रम में सीएम साय ने सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ गांव बनाने के उद्देश्य से 'हमर सुघ्घर गांव' अभियान का शुभारंभ किया। समस्त जिले ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, सुंदर एवं बीमारियों से मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन हमर सुघ्घर गांव अभियान की शुरुआत हो रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गांवों में कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण का बेहतर क्रियान्वयन एवं प्रबंधन को सुनिश्चित करने के साथ ही तरल अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान और ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रसार एवं स्वस्थ आदतें विकसित की जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ गांव की कल्पना को साकार करते हुए आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वच्छता का मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## कार्यशाला में छात्रों ने जाना जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत

**सूरजपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में जनजाति समाज के गौरवशाली ऐतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला निर्मला देवी धुर्वे जनपद सदस्य के मुख्य आथित्य, प्राचार्य जीतन राम पैकरा के अध्यक्षता, अमर सिंह सरपंच, धन सिंह, शिवधन सिंह के विशिष्ट आथित्य में धीरेंद्र कुमार जायसवाल कार्यक्रम संयोजक एवं आभा रंजना कुजूर सहसंयोजक के संयोजन में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं सरगुजा विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरस्वती माता देवी भीमराव अंबेडकर, संत गहिरा गुरु, राज मोहिनी देवी, बिरसा मुंडा वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती आदि के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य के द्वारा समस्त अतिथियों के प्रति स्वागत उद्बोधन किया गया और कार्यक्रम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य अपने विचार में जनजातीय समाज के मूल आधार, जल, जंगल, जमीन को संरक्षित करने पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक धीरेंद्र कुमार जायसवाल के द्वारा जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास उनकी बोली भाषा आचार विचार विवाह संस्कृति अतिथि सत्कार एवं साथ-साथ उनके गौरवशाली सामाजिक और आध्यात्मिक अच्छाइयों को प्रस्तुत किया गया। पिंटू कुमार के द्वारा जनजाति समाज की महत्वपूर्ण पहचान एवं धरोहर को सहेजने पर विचार बल दिया। सचिन कुमार के द्वारा जनजाति समाज के उत्कृष्ट कार्यो एवं विद्रोह संघर्ष पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि शिवधन सिंह के द्वारा जनजाति विशेषताओं को रेखांकित किया गया। अतिथि अमर सिंह के द्वारा अपने विचार समाज की मौलिकता को बचाये रखने पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा संपूर्ण जनजाति समाज और उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। सहसंयोजक के द्वारा जनजाति समाज पर अपने विचार व्यक्त किए गए और उनके द्वारा सभी अतिथियों प्राचार्य शिक्षकों कर्मचारी और छात्र-छात्राओं मीडिया पुलिस सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक अखिलेश रवि, प्रियांशु जायसवाल, चंद्रदेव राजवाड़े, शिखा दुबे, सीमा राजवाड़े एवं कर्मचारी हरिशंकर दरिया, शांडिल्य, भोला यादव उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर प्रशिक्षण संपन्न

# कोरिया में ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को दिया गया गुड गवर्नेंस का प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत जनपद पंचायत सोनहत और बैकुंठपुर में गुड गवर्नेंस का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कोरिया जिले के दोनों जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायकों को विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चार बिंदुओं को तय करते हुए गुड गवर्नेंस की अवधारणा प्रचलन में लाई गई है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि योजना के तहत आने वाले पात्र हितग्राहियों तक योजना का पूरा लाभ पहुंचे और योजना के मैदानी क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस विषय के अंतर्गत चार प्रमुख बिंदु तय किए गए हैं जिन पर मैदानी अमले का प्रशिक्षण तकनीकी सहायकों की उपस्थिति में पूरा किया गया। बुधवार को जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया और इस



प्रशिक्षण सत्र में सभी को गुड गवर्नेंस के सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। गुड गवर्नेंस में भारत सरकार द्वारा जो विषय तय किए गए हैं उनमें पहला विषय अद्यतन जाब कार्ड रखने से संबंधित है इसके लिए प्रति माह की सात तारीख को अनिवार्य तौर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार दिवस का आयोजन कर सभी कार्यरत श्रमिकों के जाब कार्ड को अद्यतन कराया जाना है। इसके साथ ही सभी कार्यों की फाइलों का संधारण कैसे किया जाना है इस पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गुड गवर्नेंस में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सात पंजीयों का संधारण किया जाकर उन्हे अद्यतन रखना निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रत्येक कार्य में आम नागरिकों को पारदर्शिता से आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यस्थल पर मानक नागरिक सूचना पटल बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन चार बिंदुओं पर बुधवार को जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर और गुरूवार के जनपद पंचायत सोनहत में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण सत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा और समस्त तकनीकी सहायक भी उपस्थित रहे।

## जिला मुख्यालय में राज्योत्सव 2024 का आयोजन करने बनायी कार्ययोजना

**सूरजपुर।** जिला कार्यालय सूरजपुर के सभाकक्ष में राज्योत्सव 2024 के अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित ढंग से आयोजन किये जाने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय प्रमुखों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस वर्ष राज्योत्सव स्टेडियम ग्राउंड सूरजपुर में 5 नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम किए जाने के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। जैसे कि इन दायित्वों में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभाग की विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। विभिन्न विभाग में विशेष उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाए। विगत वर्षो की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित की जाए। शासन के कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को कार्यक्रम में लाभविन्त किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व दलों की व्यवस्था, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आवास एवं भोजन व्यवस्था, आमंत्रण पत्र एवं वितरण की व्यवस्था, फूल माला एवं पुष्प गुच्छा की व्यवस्था, पुरस्कार, स्मृति चिन्ह, बैज व प्रमाण पत्र की व्यवस्था, मंच संचालन, मंच पर स्वल्पाहार की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, नियंत्रण कक्ष व चिकित्सा की व्यवस्था, पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा शांति एवं यातायात व्यवस्था, बेरिकेड्स की व्यवस्था, पंडाल, कुर्सी एवं बैठक व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं फोटो ग्राफी का व्यवस्था एवं समस्त विभाग द्वारा राज्योत्सव स्थल पर विभागीय विषय एवं योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ: स्कूलों में जनजागरूकता अभियान का सफल आयोजन






**कोरिया।** सोनहत विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में गठित एक संयुक्त दल ने किया।

यह कार्यक्रम सोनहत के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के साथ-साथ पटना, रनई, कटकोना, मूरमा, अंगा, डुमरिया, आंजोखूर्द, बरदिया, छिन्दियां, जमगहना और तरगवां के स्कूलों में भी आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर की जानकारी देना था, साथ ही छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, घरेलू हिंसा और महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस अभियान में बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। गुड टच-बैड टच जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस जागरूकता अभियान से न केवल छात्रों बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों में भी बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## हाथियों ने दौड़ाया वन कर्मियों को बमुश्किल बचे

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज में हाथियों आतंक लगातार जारी है। यहां पर हाथियों का 49 सदस्यीय दो दल विचरण कर रहा है। इसमें से एक दल बीती रात रेंज अंतर्गत लमना गांव के निकट आराम कर रहा था। तभी हाथियों की निगरानी के लिए पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने के लिए टॉर्च की रोशनी मारी जिससे हाथियों की नींद खुल गई और गुस्साए हाथियों ने वन कर्मियों को दौड़ाया। वन कर्मियों ने भागकर बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई अन्यथा कोई बड़ी घटना भी हो सकती थी। इस दौरान पूरा जंगल हाथियों की चिंघाड़ से गूंज उठा था।

## साहू समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक कल रायपुर में

**कोरबा।** साहू समाज के जिला अध्यक्ष गिरजा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कल रायपुर में साहू समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। जिसमें कवर्धा के निकट हुए हत्याकांड के परिजनो को आर्थिक मदद पर चर्चा की जाएगी। सभी जिले में धन सग्रह करने के लिए कहा गया था। जबकि आज साहू समाज की जिला स्तरीय बैठक चेक पोस्ट में आयोजित की गई है। जिसमें दिनेश साहू ,धनश्याम साहू , अन्नु साहू सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

## हादसे में घायल मनोरोगी की मौत

**कोरबा।** कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर मार्ग पर 16 अक्टूबर को हुए हादसे में एक मनोरोगी बुरी तरह से घायल हो गया था। सूचना होने पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल लाया गया। 17 अक्टूबर की रात 9.25 बजे उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल चौकी को इस बारे में मर्ग प्रतिवेदन मिला है। उक्तानुसार पुलिस कंट्रोल रूम ने सभी थाना और चौकी को इससे अवगत कराया है। कहा गया है कि दिवंगत व्यक्ति के बारे में किसी को कोई जानकारी लेना हो या जानकारी साझा करना हो तो वह अस्पताल चौकी पर संपर्क कर सकते हैं।

### प्रभावी कार्रवाई की कमी से बढ़ रहा मनोबल

# जन स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही बिजली घरों की राख



**कोरबा।** राष्ट्रहित की बात करते हुए कोरबा जिले से अधिकाधिक मात्रा में कोयला की निकासी और बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में हर रोज यहां के बिजली घरों से 1.5 मिलियन टन राख का उत्सर्जन होने के दावे किए जा रहे हैं।एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार फ्लाईऐश का 100 प्रतिशत उपयोग किया जाए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। यहां-वहां फ्लाईऐश को भरने से पहले ट्रांसपोर्टिंग की प्रक्रिया में प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो रही है। यह जन स्वास्थ्य पर काफी भारी साबित हो रही है।

हाल में ही फ्लाईऐश ट्रांसपोर्टिंग के काम में मनमानी बरते जाने की शिकायत पर प्रशासन ने गोपालपुर छुरी इलाके में कार्रवाई की। प्रबंधन को इस मामले में डेढ़ लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई। इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि मनमानी किए जाने पर अब ढिलाई नहीं कार्रवाई होगी। लेकिन जानकारों का कहना है कि सामान्य पेनाल्टी से उद्योग और ट्रांसपोर्ट प्रबंधन पर कोई खास असर नहीं हो रहा है। इस चक्कर में आए दिन के तमाशे जारी हैं और यहां-वहां फ्लाईऐश डंप करने के साथ स्वार्थसिद्धि की जा रही है। कोरबा जिले में सीएसईबी के एचटीपीएस, डीएसपीएम, एनटीपीसी की 2600 मेगावाट परियोजना और बालको के पावर प्लांट से उत्सर्जित राखड़ को सुरक्षित भंडारित करने से लेकर संबंधित उपयोगकर्ताओं को भिजवाने के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल ने निर्देश दे रखे हैं। प्रबंधनों ने निजी पार्टियों को ट्रांसपोर्टिंग का ठेका दिया है और संबंधित जिम्मेदारी खुद की है। कहा जा रहा है कि इस काम में कम रूपए खर्च कर अधिक फायदा कमाने और औपचारिक दायितव निभाने के अंतर्गत पार्टियां काम कर रही है। इसी का नतीजा है कि अनेक मामलों में मालवाहकों को पूरी तरह से ढंकने में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है जिससे आवाजाही के दौरा न उनके भीतर रखी फ्लाईऐश हवा के संपर्क में आने से न केवल सड़क पर गिरती है बल्कि आसपास में फैलकर पर्यावरण को बाधित करती है। इस वजह से आसपास की बड़ी आबादी के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## नाम जोड़ने, काटने और सुधारने के काम ने बढ़ाई बीएलओ की व्यवस्तता

**कोरबा।** बूथ लेबल अधिकारियों की व्यस्तता एक बार फिर बढ़ गई है। कारण यह है कि सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर घोषणा कर दी है। प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ आगे की प्रक्रियाओं पर काम हो रहा है।

स्थानीय निर्वाचक को चुनाव की जिम्मेदारी मिली है। उसने कोरबा जिले के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत को लेकर तैयारी की है। प्रारंभिक सूची प्रकाशन के साथ 23 अक्टूबर तक दावा आपत्ति पर काम होना है। इसी अवधि तक मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने और सुधारने का काम भी होगा। बताया गया कि जिले के ऐसे सभी बीएलओ को इस हेतु दायित्व दिया गया है जो निकाय क्षेत्र में पदस्थ हैं। उन्हें मतदाताओं की सुविधा के लिए अलग-अलग फार्मेट उपलब्ध कराए गए हैं। संबंधित विषय आने पर ऐसे फार्मेट का उपयोग किया जाएगा। नियत अवधि तक यह काम हो जाने पर संबंधित मतदाता इस चुनाव में मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बताया गया कि इस प्रक्रिया से सभी बूथे में भीड़ बढ़ी है।

## ऑटो संघ का शपथ ग्रहण 19 को

**कोरबा।** जिला ऑटो संघ की नई कार्यकारिणी गठित हो गई है। उसका शपथ ग्रहण 19 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे आदिवासी शक्तिपीठ परिसर महाराणा प्रताप चौराहा के पास होगा। मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य और जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में नई टीम को शपथ दिलाई जाएगी।

## विजयादशमी उत्सव पर पथ संचलन 20 को

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव 20 अक्टूबर को आयोजित हो रहा है। कोरबा नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली इकाईयों के स्वयंसेवक इसमें शामिल होंगे। 1000 से अधिक स्वयंसेवकों की भागीदारी के साथ बालकोनगर के डॉ. बी.आर.अंबेडकर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से दोपहर 2 बजे पथ संचलन प्रारंभ होगा जो 40 मिनट में संपन्न होगा। नगर कार्यवाह ने बताया कि सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी की जा रही है।

***कोरबा।** यहां के पंपहाउस क्षेत्र में पिछले वर्षों में दफन किए गए तीन लोगों के अवशेष को उनके परिजनों ने सरकारी प्रक्रिया के अंतर्गत हासिल कर लिया। इसे अब केरल में शिफ्ट किया जाएगा।

# दो घरों में चोरी, दोपहिया और नगदी पार किया अराजक तत्वों ने

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** हर हाल में अपराध नियंत्रण करने को लेकर अधिकारियों ने थाना व चौकी की पुलिस को निर्देशित किया है। इसके अंतर्गत कई उपायों पर काम जारी है। इन सबके बीच विभिन्न क्षेत्रों में घटनाएं हो रही है। प्रगति नगर इलाके में बीती रात्रि चोरों ने धावा बोलकर दो ठिकानों से हजारों की चोरी कर ली। अगली सुबह लोगों को पता चला। दर्री पुलिस के पास इसकी जानकारी पहुंची है और इस आधार पर वह जांच में जुटी है।

खबरों के अनुसार प्रगति नगर नहर के पास रिहायशी क्षेत्र में दो लोगों की मकानों को चोरों ने टारगेट किया और यहां से नगदी सहित कई सामान की चोरी कर ली। यहां पर निवासरत लक्ष्मी केंवट ने बताया कि घटना दिवस की रात्रि को उनके नजदीक में ही दशहरा के उपलक्ष्य में जगराता कार्यक्रम आयोजित था, जहां वह गई हुई थी। परिवार भी उसके साथ था। रात्रि 2 बजे के आसपास ये लोग घर पहुंचे तब तक बाइक बरामदा में मौजूद थी। इसके बाद सुबह 4.30 बजे लक्ष्मी की नींद खुली तो उसने बाहर का जायजा लिया। वह इस बात से चौंकी कि बरामदे में बाइक नहीं है। उसने पति को इसकी जानकारी दी। अगली सुबह आसपास के लोगों को इस बारे में अवगत कराया गया। इसी दरम्यान यह भी जानकारी मिली कि कुछ और स्थानों पर चोरी की




घटनाएं हुई है जिनमें काफी कुछ सामान पार हुआ है। लोगों ने चोरी की घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि त्योहार सीजन में इस तरह के मामले चिंता बढ़ाने वाले हैं। संबंधितों ने दर्री पुलिस थाना में घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर जांच-पड़ताल का काम जारी है।

### *दो स्थानों पर चोरी की जानकारी*

*प्रगति नगर में एक मकान के बरामदे से बाइक और इसी इलाके में एक अन्य मकान से 10 हजार नगद समेत लगभग 35 हजार का सामान पार होने की खबर मिली है। इन प्रकरणों में पुलिस नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।*

***- किरण गुप्ता, टीआई दर्री।***


**किराये से देना है**


**मेन रोड कोरबा धर्म अस्पताल के सामने दुकान किराये से देनी है।**

-:संपर्क करें :-

**सुरजीत सिंह गुलाटी**

**मो.-8120594099**





नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि



अवतरण
20 अप्रैल 1985

निर्वाण
18 अक्टूबर 2020

## स्व. श्री नितेश कुमार अग्रवाल (मोनू)

अपितु आज आपका नश्वर शरीर हमारे बीच नहीं है, लेकिन आपकी दिव्य आत्मा सदैव हमारे दिलों में राज करती रहेगी। आपकी मुस्कान हमें सदैव समाज सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी और पीड़ित मानवता के जीवन में आशा जगाने आपकी ललक हमेशा हमारे हाथों जीवंत होती रहेगी।

आपका मृदुल व्यवहार, अनुशासित दिनचर्या, आदर्श जीवन शैली, कर्मठता, दृढ़ निष्ठा और किसी को भी अपना बना लेने का आकर्षक व्यक्तित्व सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा।

4 वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को आप सदा के लिए अनंत यात्रा पर चले गए, लेकिन आप हमारे मानस पटल पर चीर स्थायी स्मरणीय बने रहेंगे।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप !

## शोक संतप्त परिवार

राजबीर प्रसाद- श्रीमती गायत्री देवी अग्रवाल (ताऊ-ताई)
राजकुमार- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल (पापा-मम्मी),
भगवान दास- श्रीमती मंजू अग्रवाल (चाचा-चाची)
दिनेश, विकास, पंकज, आशीष, रवि, विपुल, सारांश, समर्थ, तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन एवं समस्त अग्रवाल परिवार

ॐ शांति

**फर्म :**
सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि. कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
आद्या फ्युल्स एवं छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स राईस मिल, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि., इंडस इंजीकॉन्स इंडिया प्रा. लि.
मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

प्रेरणा : नितेश कहा करते थे - काम को जुनून बना लो... परिश्रम को हम सफर... श्रम की पूजा से ईश्वर भी मदद करता है...।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com